R.N.I. No.ÙPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

वर्ष : 11
अंक : 258
पृष्ठ : 8
मूल्य - 2 रुपये

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



3 मरीजों के तीमारदारों का कैम्प लगाकर वैक्सीनेशन किया जाए:आनंदीबेन

लखनऊ, गुरुवार, 01 जुलाई 2021

17 दिनों में कोरोना के करीब पांच लाख सक्रिय मामले घटे 8

## संक्षिप्त- समाचार

### नगालैंड छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित

**नयी दिल्ली वार्ता।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड को आज से छह और महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय की बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि केन्द्र सरकार का मानना है कि समूचे नगालैंड मेंस्थिति अशांत तथा खतरनाक है और वहां नागरिक प्रशासन के सहयोग के लिए सशस्त्र सेनाओं की मदद जरूरी है।इसे देखते हुए केन्द्र सरकार ने सशस्त्र सेना (विशेषाधिकार ) अधिनियम 1958 के तहत समूचे नगालैंडको बुधवार से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है।नगालैंड को पिछले वर्ष भी अशांत क्षेत्र घोषित किया गया था लेकिन यह अवधि आज समाप्त हो रही थी।

### ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने 35 हजार टन से अधिक ऑक्सीजन की ढुलाई की

**नयी दिल्ली वार्ता।** भारतीय रेलवे देश के विभिन्न हिस्सों में तरल मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) पहुंचाने के लिए अब भी काम कर रही है और अब तक 35 हजार टन से अधिक एलएमओ की ढुलाई कर चुकी है।
भारतीय रेलवे की आधिकारिक जानकारी के अनुसार 1990 से अधिक टैंकरों को लेकर 477 गाड़ियों के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में 35018 टन एलएमओ पहुंचायी जा चुकी है।समाचार लिखे जाने के वक्त छह ऑक्सीजन एक्सप्रेस गाड़ियां 28 टैंकरों में 522 टन से अधिक ऑक्सीजन लेकर विभिन्न गंतव्यों की ओर मार्ग में थीं।ऑक्सीजन एक्सप्रेस ने दक्षिणी राज्यों में 20 हजार 500 टन एलएमओ पहुंचायी है।कोविड महामारी में भारतीय रेलवे ने 24 अप्रैल से ऑक्सीजन की ढुलाई शुरू की थी।

### नरवणे ने बंगलादेश के सेना प्रमुख से टेलीफोन पर बात की

**नयी दिल्ली वार्ता।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया की बंगलादेश यात्रा के बाद सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने आज बंगलादेश के सेना प्रमुख से टेलीफोन पर बात की।सेना ने बुधवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। सेना की ओर से बताया गया है कि जनरल नरवणे ने बंगलादेश के सेना प्रमुख एस एम शैफुद्दीन अहमद से टेलीफोन पर बात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर बातचीत की।वर्ष 1971 के बंगलादेश मुक्ति संग्राम में जीत की स्वर्ण जयंती के वर्ष में भारत और बंगलादेश के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग को और अधिक बढाने के लिए दोनों ओर से पहल की जा रही हैं।

## कांग्रेस ने कसा तंज- रामदेव को वित्त मंत्री बनाए सरकार



**नयी दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश के वित्तीय हालत सुधारने में सफल नहीं हो रहीं है इसलिए दिवालिया कंपनी खरीद कर उसे बुलंदी पर पहुंचाने वाले बाबा रामदेव को देश का वित्तमंत्री बनाना देना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बाबा रामदेव का बिजनेस मॉडल असाधारण है। उन्होंने पांच महीने में रुचि सोया का 17 रुपये का शेयर बढ़ाकर 1535 रुपए तक पहुंचा दिया। कंपनी की कीमत 2019 में 3450 करोड रुपए थी उसे बढ़ाकर आज 35,360 करोड़ रुपए पर लाके खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि रुचि सोया ने 2017 में दिवालिया होने की अर्जी लगाई और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने उसी साल सितंबर में उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। कंपनी ने 12146 करोड़ रुपए अलग-अलग बैंकों से कर्ज़ लिया था। बाद में जब सेटलमेंट हुआ तो भारतीय स्टेट बैंक 1816 करोड़ में से सिर्फ 883 करोड़ रुपए ही वापस ला पाने में समर्थ हो सका है।प्रवक्ता ने कहा कि उसके बाद पतंजलि ने रुचि सोया को 4350 करोड़ रुपए में खरीदा और इसके लिए उसने स्टेट बैंक से 3250 करोड़ रुपए का ऋण लिया। एक बार दिवालिया हो चुकी कंपनी के शेयर पतंजलि के अधिग्रहण के बाद आज आसमान छू रहे हैं और कंपनी जबरदस्त कमाई कर रही है।उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि देश के प्रतिष्ठित स्टेट बैंक ने एक डूबी हुई कंपनी के लिए पतंजलि को ऋण दिया और खुद 2100 से 2200 करोड़ रुपए का नुकसान उठाया। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए और श्री मोदी को देश को इस बारे में जवाब देना चाहिए।

## सीतारमण, येलेन ने वैश्विक न्यूनतम कर पर की चर्चा

**वाशिंगटन, वार्ता।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिकी विदेश मंत्री जेनेट एल येलेन ने फोन पर बात की और वैश्विक न्यूनतम कर पर चर्चा की।वित्त विभाग ने मंगलवार को एक बयान में कहा, श्री येलेन ने भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से बात की और यह भी कहा कि अमेरिका और भारत में एक मजबूत वैश्विक न्यूनतम कर लागू करने में साझा हित हैं।ताकि वैश्विक अर्थव्यवस्था को फलने-फूलने में मदद करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कर प्रणाली को फिर से बनाने के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी अवसर हासिल किया जा सके।

## राहुल ने कोरोना मृतक परिजनों को राहत देने पर न्यायालय के आदेश का किया स्वागत



**नयी दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को राहत देने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि सरकार को एक सही राशि तय कर पीड़ित परिजनों को राहत देनी चाहिए।

श्री गांधी ने बुधवार को ट्वीट किया, उच्चतम न्यायालय ने मोदी सरकार को ग़लती सुधारने का मौक़ा दिया है। कम से कम अब सरकार को मुआवज़े की सही राशि तय करके पीड़ितों को राहत देनी चाहिए। ये सही दिशा में एक महत्वपूर्ण क़दम है।

इसके साथ ही उन्होंने एक खबर पोस्ट की जिसमें कहा गया, कोरोना से मौत पर परिजनों को मिलेगा मुआवजा, कोर्ट का आदेश, राशि तय करे सरकार, छह हफ्ते में गाइडलाइन बनाएं।

### राहुल ने पेट्रोल-डीजल के रिकॉर्ड दाम को लेकर सरकार पर तंज कसा

**नयी दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए बुधवार को कहा कि सार्वजनिक परिवहन के लिए जो दिक्कतें लोगों को झेलने पड़ रही है उसकी असली वजह कोरोना महामारी नहीं बल्कि ईंधन के दामों में की गई अभूतपूर्व वृद्धि है।श्री गांधी ने ट्वीट किया, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए लंबी-असुविधाजनक लाइनों की वजह सिर्फ़ कोविड प्रतिबंध नहीं हैं। असली वजह जानने के लिए अपने शहर में पेट्रोल-डीज़ल के रेट देखें।गौरतलब है कि श्री गांधी लंबे समय से पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं कि इसमें कर लगाकर मोदी सरकार ने लाखों करोड़ों रुपए कमाए हैं।

# आपातकालीन ऋण गारंटी योजना में अतिरिक्त 1.5 लाख करोड़ की व्यवस्था मंजूर



**नयी दिल्ली वार्ता।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त 1.5 लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। पहले इस योजना के तहत तीन लाख करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये थे। वर्तमान में इसके तहत लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किये जा चुके हैं। डेढ़ लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने से अब 4.5 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया जा सकेगा। योजना की अवधि 30 सितंबर 2021 तक होगी।कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के चलते अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में आये व्यवधान को देखते हुये, सरकार ने ईसीएलजीएस का दायरा बढ़ाया है। इस विस्तार से ऋणदाता संस्थानों को कम लागत पर 1.5 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहन के द्वारा अर्थव्यवस्था के विविध क्षेत्रों को बहुप्रतीक्षित राहत मिलने का अनुमान है, जिससे व्यावसायिक उपक्रमों के लिए अपनी परिचालन जिम्मेदारियां पूरी करना और अपने कारोबार को जारी रखना संभव होगा।

मंत्रिमंडल ने कोविड प्रभावित क्षेत्रों के लिए कर्ज गारंटी योजना (एलजीएससीएएस) के विस्तार को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत स्वास्थ्य/चिकित्सा अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं के विस्तार और नयी परियोजनाओं को वित्तीय गारंटी कवर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 50,000 करोड़ रुपये तक का वित्तपोषण उपलब्ध कराया जायेगा।

मंत्रिमंडल ने बेहतर स्वास्थ्य से संबद्ध अन्य क्षेत्रों/ऋणदाताओं के लिए भी एक योजना शुरू करने को स्वीकृति दी है जिसके विस्तृत तौर-तरीकों को बाद में अंतिम रूप दिया जायेगा।

एलजीएससीएएस से स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे को मजबूत बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। एलजीएससीएएस का मुख्य उद्देश्य आंशिक रूप से कर्ज जोखिम (मुख्य रूप से निर्माण जोखिम) खत्म करना है और सस्ती ब्याज दरों पर बैंक कर्ज उपलब्ध कराना है। अतिरिक्त अस्पताल बिस्तर, आईसीयू, डायग्नोस्टिक सेंटर, ऑक्सीजन सुविधाएं, टेलीफोन या इंटरनेट आधारित स्वास्थ्य परामर्श और पर्यवेक्षण, जांच सुविधाएं और आपूर्ति, वैक्सीनों के लिए कोल्ड चेन सुविधाएं, दवाइयों और वैक्सीनों के लिए आधुनिक वेयरहाउस, मरीजों के लिए आइसोलेशन सुविधाएं, सीरिंज और इंजेक्शन आदि जैसी सहायक आपूर्तियों के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए इसके तहत ऋण लिया जा सकता है।

## आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना अगले साल 31 मार्च तक

**नयी दिल्ली वार्ता।** केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना की अवधि 30 जून, 2021 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2022 करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के तहत लाभार्थियों के पंजीकरण की अंतिम तिथि को नौ महीने यानी 30 जून, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस विस्तार से औपचारिक क्षेत्र में अब 71.8 लाख रोजगार पैदा होंगे, जबकि पहले यह आकलन 58.5 लाख रोजगार का था।उल्लेखनीय है कि 18 जून, 2021 तक एबीआरवाई के तहत 79,557 प्रतिष्ठानों के जरिये 21.42 लाख लाभार्थियों को 902 करोड़ रुपये के बराबर के लाभ प्रदान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2022 तक पंजीकरण की प्रस्तावित बढ़ी हुई अवधि के खर्च को मिलाकर योजना का अनुमानित खर्च 22,098 करोड़ रुपये होगा।इस योजना को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के जरिये क्रियान्वित किया जा रहा है, ताकि विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के नियोक्ताओं पर वित्तीय बोझ कम हो और उन्हें ज्यादा से ज्यादा कामगारों को रोजगार देने का प्रोत्साहन मिले।

## नेपाल, म्यांमार के साथ स्वास्थ्य संबंधी करार को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली वार्ता।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के नेपाल और म्यांमार के साथ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के करारों को आज स्वीकृति प्रदान की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा नेपाल स्वास्थ्य अनुसंधान परिषद (एनएचआरसी) के बीच गत वर्ष 17 नवंबर और इस वर्ष चार जनवरी को समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये थे। जबकि आईसीएमआर और म्यांमार के स्वास्थ्य एवं खेल मंत्रालय के चिकित्सा अनुसंधान विभाग के बीच करार पर फरवरी 2020 में दस्तखत किये गये थे।

नेपाल के साथ हुए करार के तहत सीमा के दोनों ओर लोगों में होने वाली बीमारियों, आयुर्वेद एवं पारंपरिक औषधियों, औषधि पादपों, जलवायु परिवर्तन एवं स्वास्थ्य, गैरसंक्रामक रोग, मानसिक स्वास्थ्य, जनसंख्या आधारित कैंसर रजिस्ट्री, विषाणु जनित रोग, इन्फ्युएंज़ा, क्षमता एवं कौशल संवर्धन, अनुभवों को साझा करने की सहमति बनी है। दोनों ओर से विशेषज्ञ एक दूसरे के यहां अनुसंधान कर सकते हैं।

म्यांमार के साथ हुए करार के तहत संक्रामक रोगों के खात्मे, विषाणु संक्रमण के प्रसार एवं नेटवर्क प्लेटफॉर्म के विकास, अनुसंधान प्रबंधन, क्लीनिकल ट्रायल आदि तथा नियामक प्रणाली के विकास के लिए संयुक्त रूप से काम करने की सहमति जतायी गयी है।

## 3.61 लाख गांवों में ब्रॉडबैंड पहुंचाने के लिए 29 हजार करोड़ मंजूर

**नयी दिल्ली वार्ता।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट परियोजना के अंतर्गत 16 राज्यों के 3.61 लाख गांवों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से ब्रॉडबैंड इंटरनेट सुविधा मुहैया कराने के लिए 29 हजार 430 करोड़ रुपए के कार्यक्रम को सरकारी निजी साझीदारी (पीपीपी) मॉडल पर क्रियान्वित करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की यहां हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस 29 हजार 430 करोड़ रुपए की परियोजना में 19 हजार 41 करोड़ रुपए केन्द्र सरकार व्यवहार्यता अंतर भुगतान (वीजीएफ) के रूप में करेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाली निजी कंपनियों के साथ 30 साल का करार किया जाएगा।



श्री प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2011 में शुरू हुई भारत नेट परियोजना के अंतर्गत अब तक देश की कुल करीब ढाई लाख ग्राम पंचायतों में से 1.56 लाख ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड इंटरनेट सुविधा पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत वर्ष 15 अगस्त को लालकिले से घोषणा की थी कि 1000 दिनों में देश के सभी छह लाख गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी जाएगी। सरकार उस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

केरल, कर्नाटक, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में करीब तीन लाख 61 हजार गांव इस नेटवर्क में आएंगे।श्री प्रसाद ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी क्रांति होगी।

## गाम्बिया के साथ प्रशासनिक सुधार के क्षेत्र में समझौते को मंजूरी



**नयी दिल्ली वार्ता।** सरकार ने गाम्बिया गणराज्य के साथ प्रशासनिक और कार्मिक सुधार के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

यह समझौता सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा गाम्बिया गणराज्य के राष्ट्रपति कार्यालय के तहत लोक सेवा आयोग के बीच कार्मिक प्रशासन और शासन सुधारों के नवीनीकरण से संबंधित है।समझौता ज्ञापन दोनों देशों के कार्मिक प्रशासन को समझने में मदद करेगा और कुछ सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रक्रियाओं को अपनाने, अनुकूल बनाने और नवाचार के माध्यम से शासन प्रणाली में सुधार करने में सक्षम होगा।इस समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन में प्रत्येक देश अपना खर्च वहन करेगा। व्यय की वास्तविक राशि, समझौता ज्ञापन के तहत होने वाली गतिविधियों पर निर्भर करेगी।

इस समझौता ज्ञापन में सरकार में प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली में सुधार , अंशदायी पेंशन योजना का कार्यान्वयन और सरकारी भर्ती के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया (ई-भर्ती) जैसे क्षेत्र शामिल हैं लेकिन दोनों पक्षों के बीच सहयोग केवल इन्हीं क्षेत्रों तक सीमित नहीं होगा।

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य कार्मिक प्रशासन और शासन सुधार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना तथा बढ़ावा देना है, क्योंकि इससे भारत सरकार की एजेंसियों और गाम्बिया गणराज्य की एजेंसियों के बीच आपसी बातचीत में सुविधा होगी। इसके अलावा, गाम्बिया सरकार में प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली में सुधार अंशदायी पेंशन योजना के कार्यान्वयन और सरकारी भर्ती के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ जुड़ने का इच्छुक है।गाम्बिया गणराज्य के साथ समझौता ज्ञापन कार्मिक प्रशासन और शासन सुधारों के नवीनीकरण पर दोनों देशों के बीच सहयोग के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान करेगा, ताकि कार्मिक प्रशासन और शासन सुधार के क्षेत्र में प्रशासनिक अनुभवों को सीखने, साझा करने और आदान-प्रदान करके शासन की मौजूदा प्रणाली में सुधार किया जा सके तथा जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता की मज़बूत भावना पैदा हो सके।सरकार ने देश भर में सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापक व प्रभावी बदलाव का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसका उद्देश्य कार्मिक प्रशासन तथा शासन सुधार के लिए सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाना है, जो %न्यूनतम सरकार के साथ अधिकतम शासन' के संदर्भ में प्रासंगिक है।

## देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है: योगी



लखनऊ,30 जून (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के दायित्व से सभी अवगत हैं।

आज यहां जारी शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महान चिकित्सक, प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी एवं राजनेता डॉ0 बी सी रॉय की जयन्ती पूरे देश में नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनायी जाती है। यह दिवस चिकित्सकों द्वारा की जा रही समाज सेवा के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों के दायित्व से सभी अवगत हैं। कोरोना काल खण्ड में डॉक्टरों के योगदान के लिए हम सभी उनके आभारी हैं। हमारे चिकित्सकों ने फ्रण्टलाइन कोरोना वॉरियर्स के रूप में मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। अपने प्राणों की परवाह न करते हुए चिकित्सकों ने एक-एक मरीज की जीवन रक्षा के लिए निरन्तर कार्य किया।उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग, कठिन परिश्रम और असीम प्रयासों से प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। इसके बावजूद हमें यह याद रखना होगा कि हमारी लड़ाई एक अदृश्य शत्रु के खिलाफ है। इसलिए हर स्तर पर पूरी सतर्कता बरतने के साथ-साथ कोविड-19 से बचाव और उपचार के लिए राज्य सरकार की 'ट्रेस, टेस्ट एण्ड ट्रीट' की नीति को प्रभावी ढंग से जारी रखना होगा।श्री योगी ने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान हमने वैक्सीन की सुरक्षा को भी देखा। वैक्सीन के सुरक्षा कवच के परिणामस्वरूप फ्रण्टलाइन कोरोना वॉरियर्स निश्चिन्त होकर प्रभावित लोगों की सेवा कर पाये।

## कोरोना से लड़ रहे डॉक्टरों पर देश को गर्व: मोदी

**नयी दिल्ली वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना महामारी से लड़ने में असाधारण योगदान के लिए डॉक्टरों की सराहना करते हुए कहा है कि अपनी जान पर खेलकर लोगों की सेवा करने वाले डॉक्टरों पर समूचे देश को गर्व है।हर वर्ष एक जुलाई को मनाये जाने वाले डॉक्टर दिवस से एक दिन पहले श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा , भारत को कोविड -19 से लड़ने वाले सभी डॉक्टरों के प्रयासों पर गर्व है। एक जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। कल अपराह्न तीन बजे भारतीय चिकित्सा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर समुदाय को संबोधित करूंगा।

उल्लेखनीय है कि डॉक्टर अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मिलकर पिछले वर्ष से कोरोना के खिलाफ निरंतर लड़ाई लड़ रहे हैं। इस दौरान अनेक डॉक्टर कई कई महीनों तक अपने परिवारों से नहीं मिल सके। कोरोना के खिलाफ अभियान में योगदान दे रहे कई डॉक्टरों ने अपनी जान भी गंवाई है।

### वस्तु एवं सेवा कर देश की अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर: मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था से देश में वसूले जाने वाले करों की संख्या कम हुई और यह अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर है।जीएसटी व्यवस्था के चार वर्ष पूरा होने के मौके पर श्री मोदी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा , जीएसटी देश के आर्थिक परिदृश्य में मील के पत्थर की तरह है।

# निवेशकों का अरबों रूपया हड़पने वाली कंपनियों के चार पदाधिकारी लखनऊ से गिरफ्तार



लखनऊ, 30 जून (वार्ता) उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और अमेठी पुलिस ने मल्टीलेवल मार्केटिंग के नाम पर जनता से अरबों रूपये हड़पने वाली विभिन्न रियल स्टेट कंम्पनियों के चार पदाधिकारियों को लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मल्टीलेवल मार्केटिंग के नाम पर जनता से अरबों रूपये हड़पने वाली विभिन्न रियल स्टेट कम्पनियों, शाइन सिटी,शाइन क्राइन, शाइन फूडस एण्ड वेवरेजेस व स्काई ओशियान आदि के सीएमडी राशिद नसीम का इण्डिया विजनेस हेड बृजमोहन कुमार सिंह, एमडी स्काई ओशियान कम्पनी अंकित कुमार, टीम लीडर स्काई ओशियान मो0 फैजान अंसारी व टीम लीडर स्काई ओशियान के सुभाष तुकाराम देवकते को लखनऊ के विभूतिखण्ड से कल शाम गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि कार सवार गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से नौ मोबाइल, दो लैपटाप, दो आईपैड, 22 एटीएम कार्डों के अलावा पैनकार्ड,आधर कार्ड,पासपोर्ट, बैंकों की चेकबुक, पासबुक, दो मोहर और पांच हजार पांच सौ बीस रुपये बरामद किए।

प्रवक्ता ने बताया कि काफी समय से कम समय में धन दोगुना करने का प्रलोभन देकर मल्टीलेवल मार्केटिंग के माध्यम से जनता से अरबों रूपये हड़पने वाली रियल स्टेट कम्पनियों आदि की सचूनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ मुख्यालय में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एक टीम को अभिसूचना

संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम मे मुख्यालय स्थित टीम को अभिसूचना संकलन के दौरान पता चला कि मल्टीलेवल मार्केटिंग के माध्यम से जनता से अरबो रूपये हड़पने वाली रियल स्टेट कम्पनियों के आरोपी पदाधिकारी सीएमडी राशिद नसीम का इण्डिया विजनेस हेड बृजमोहन कुमार सिंह अपने सहयोगी अंकित कुमार, के साथ लखनऊ में मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर मगलवार शाम विभूतिखण्ड से एसटीएफ व कोतवाली गौरीगंज अमेठी पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त बृजमोहन कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में मनोज कुमार के माध्यम से शाइन सिटी कम्पनी में टीम लीडर के तौर पर निवेशकों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर पैसा जमा कराना प्रारम्भ किया था। वर्ष 2017 से मई 2019 तक उसने अपनी टीम के साथ

शाइन सिटी कम्पनी में लगभग 75 करोड़ रूपये विभिन्न स्कीमों में जमा कराया, जिसका उसे छह प्रतिशत कमीशन मिला। मई 2019 में राशिद नसीम 08-10 कम्पनी के पदाधिकारियों के साथ नेपाल में गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके बाद निवेश कों ने कंपनी में निवेश करना लगभग बन्द कर दिया और पे-आऊट न मिलने के कारण जिन लोगों ने रूपये

जमा किये थे, कम्पनी व टीम लीडरों पर मुकदमे पंजीकृत कराना प्रारम्भ कर दिया।

उन्होंने बताया कि पूरे भारत में लगभग 2500 मुकदमें कम्पनी, टीम लीडरों व राशिद नसीम पर देखते ही देखते पंजीकृत हो गये। राशिद नसीम जब नेपाल से छूटा तो दुबई में जाकर छिप कर रहने लगा। दिसम्बर 2020 में राशिद नसीम के निर्देशन पर इसने अंकित के साथ मिलकर वेबसाइट व साफ्टवेयर, शाइन सिटी में साफ्टवेयर डेवलेपर व आईटी का काम देखने वाले सुनील कुमार व मयूर से डिजाइन कराकर निवेश करने पर 1/2 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से ब्याज देने का प्रलोभन देकर व टीम लीडरों को 10 प्रतिशत डायरेक्ट व 10 प्रतिशत बाइनरी कमीशन देने का प्रलोभन देकर फिर से लोगों से रूपये जमा कराकर हड़पने का काम प्रारम्भ कर दिया था। कम्पनी के प्रमोशन का कार्य जूम मीटिंग व

डायरेक्ट मीटिंग के माध्यम से राशिद नसीम करने लगा।

प्रवक्ता ने बताया कि आईटी का काम अंकित देखने लगा और टीम लीडरों के साथ मिलकर बृजमोहन स्काई ओशियन कम्पनी में रूपये जमा कराने लगा। कम्पनी में और अधिक विजनेस के लिए राशिद नसीम ने उसे कम्पनी में वर्तमान में अच्छा विजनेस देने वाले 80 टीम लीडरों को दुबई का ट्रिप व मीटिंग के लिए इसी साल 16 मार्च को दुबई

बुलवाया। वह अंकित, मो0 फैजान अंसारी व सुभाष तुकाराम देवकते आदि 80 टीम लीडरों के साथ दुबई पहुॅच

गये। तीन दिन तक टीम ने होटल हयात रिजेन्सी व ओबेराय में पार्टी व बैठकें की। हम लोगों ने अपनी खुद की एसओटी (स्काई ओशियन टोकेन) क्रिप्टो करेन्सी भी लांच की है। इन सब से जो भी रूपया आया है कम्पनी का खर्च व एजेन्टो का कमीशन काटकर बृजमोहन राशिद नसीम व अंकित आपस में बांट लेते है। हम लोग प्रारम्भ में तो निवेशकों को रूपया वापस करते है और जब कम्पनी में ज्यादा रूपये जमा हो जाते है तो कम्पनी को बन्द कर देते है और नई वेबसाइट व कम्पनी लांच कर देते है।

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि निवेशकों को उनके हमारे बारे में जानकारी नहीं होती है वह केवल राशिद नसीम को ही जानते है । राशिद नसीम दुबई में ही छिप कर रह रहे है जबकि पकड़े गये लोग गोवा में छिप कर रह रहे थे। नई कम्पनी के प्रमोशन के लिए मुम्बई,सूरत, दिल्ली, कोलकाता बंग्लूरू, लखनऊ आदि शहरो में मीटिंग कर रहे

थे। कम्पनी के प्रमोशन के लिए लखनऊ आये थे और एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया।

## नामांकन के दौरान विवाद पर सपा कार्यकर्ता पर रासुका के तहत कार्रवाई

**देवरिया,संवादाता।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में जिला पंचायत अध्यक्ष के नामांकन के दौरान विवाद करने के आरोप में जिला जेल में बंद सपा कार्यकर्ता अभिजीत यादव के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने आनन-फानन में मंगलवार की रात रासुका की कार्रवाई कर इसकी जानकारी जेल प्रशासन को दे दी है।

गौरतलब है कि पंचायत अध्यक्ष नामांकन के दौरान यहां शनिवार को कलेक्ट्रेट गेट पर सपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर मामला शांत कराया था। इस मामले में सदर कोतवाल राजू सिंह की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सपा के जिलाध्यक्ष डॉ.दिलीप यादव, पूर्व विधायक गजाला लारी, पीडी तिवारी, रमाशंकर यादव, अभिजीत यादव समेत करीब155 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया तथा पुलिस ने मौके से अभिजीत यादव को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अभिजीत के विरुद्ध रासुका की कार्यवाही के लिए पुलिस ने जिलाधिकारी से पत्राचार किया। जिलाधिकारी ने मंगलवार को रासुका के तहत कार्यवाही की संस्तुति दे दी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने अभिजीत यादव पर रासुका की कार्यवाही की। पुलिस ने इसकी सूचना जेल अधिकारियों को भी दे दी है। पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा है कि नामांकन के दौरान विवाद करने वाले अभिजीत पर रासुका के तहत कार्यवाही की गई है।

## कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की नीतियां: अजीत पाल सिंह

**शामली,संवादाता।** उत्तर प्रदेश के शामली जिला प्रभारी एवं इलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत बनाने व सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

मंगलवार को श्री सिंह थानाभवन पहुंचे और वहां टाउन हाल में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला महामंत्री पंकज राणा ने सभी कार्यकर्ताओं से उनका परिचय कराया।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया तथा प्रशासनिक अधिकारियों के रवैये के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत करने व सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

## घूस लेते कानूनगो रंगेहाथ गिरफ्तार

**आज़मगढ़,संवादाता।**उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में भ्रष्टाचार निवारण संठगठन की गोरखपुर टीम ने एक कानूनगो को एक पीड़ित से मात्र दस हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया, इस कार्रवाई विभाग में हड़कंप मचा है।

गोरखपुर इकाई के प्रभारी रामधारी मिश्रा ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजमगढ़ जिले के बुढ़नपुर तहसील में अपनी सीट पर बैठ कर पीड़ित से दस हजार रुपये की घूस लेते समय मंगलवार को कानूनगो सुभास सिंह को रंगे हाथ पकड़ लिया,जिससे तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई । इस मामले में लिप्त बगल में बैठा लेखपाल मौके से भाग निकला।

उन्होंने बताया कि देवेंद्र कुमार यादव उर्फ डब्लू अपने जमीन की पैमाइश कराना चाह रहे थे, जिसका विवाद काफी दिनों से चल रहा था। पैमाइश वर्ष 2016 से अटकी थी। पैमाइश कराने को लेकर कानूनगो व लेखपाल ने उनसे घूस की मांग की थी जिसमें 10,000 मांगे थ। इसकी शिकायत डबलू ने संगठन की गोरखपुर इकाई से की। इसी क्रम में मंगलवार को आजमगढ़ पहुंची संगठन की टीम ने डीएम के यहां से अनुमति लेकर बुढ़नपुर तहसील पर पहुंच गई। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और कानूनगो को घूस

## मुख्तार का करीबी बाराबंकी में गिरफ्तार

**बाराबंकी संवादाता।** उत्तर प्रदेश में बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की फर्जी तरीके से एंबुलेंस पंजीकरण कराने के मामले में फरार एक सदस्य को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने बुधवार को बताया कि मुख्तार अंसारी का खास गुर्गा और 25 हजार का इनामी बदमाश शोएब उर्फ मुजाहिद को शहर कोतवाली पुलिस ने आज सुबह शहर के जैदपुर बाईपास से गिरफ्तार किया है। मुख्तार अंसारी की फर्जी तरीके से बाराबंकी में एम्बुलेंस पंजीकरण कराने के मामले में यह आरोपी है।

उन्होने बताया कि आरोपी

## भाजपा सरकार में अराजकता की भेंट चढ़ गया यूपी:अखिलेश

**लखनऊ संवादाता।**समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में साढ़े चार साल में प्रदेश अराजकता की भेंट चढ़ गया।

श्री यादव ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश को भयमुक्त बनाने का भरोसा देकर भाजपा ने सत्ता हथिया तो ली पर जनता का कोई भला नहीं किया। सत्ता संरक्षित अपराधी तो बेखौफ अवांछनीय गतिविधियों में संलिप्त रहे, पुलिस तंत्र ने भी जनता को उत्पीड़न करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। भाजपा के जंगलराज में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है।

उन्होने कहा कि आगरा में कोल्ड स्टोरेज मालिक के बेटे के अपहरण के बाद हत्या की घटना से लोग स्तब्ध हैं। प्रख्यात शायर मुनव्वर राना के बेटे पर दिन दहाड़े गोली चली। बेटी से छेड़छाड़ को रोकने पर पिता-भाइयों की हत्या की कई वारदातें हो चुकी हैं। अवैध शराब और अवैध खनन के धंधे में लगे अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों ने कितने ही पुलिसकर्मियों एवं अफसरों की जानें ले ली।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में सत्ता दल ने जनादेश के साथ खिलवाड़ किया है। बलपूर्वक समाजवादी प्रत्याशियों को नामांकन से रोकने के अलावा उनके समर्थकों पर दबाव बनाने के लिए हर अनैतिक हथकंडा अपनाया गया। तमाम लोगों पर मनगढ़ंत फर्जी मुकदमें लगा दिए गए हैं। कई समाजवादियों के घरों पर दबिश के दौरान पुलिस ने परिवारीजनों और बच्चों तक से अभद्रता की।

उन्होने कहा कि विडम्बना तो यह है कि भाजपा राज में हत्या, लूट और अवैध खनन तथा जहरीली शराब के धंधे में भाजपा संगठन से जुड़े तमाम चेहरे भी सामने आए हैं।

भाजपा नेतृत्व के साथ अपराधियों की सांठगांठ के चलते ही प्रदेश में भय व दहशत का माहौल बन गया है। महिलाओं और बच्चियों के साथ



दुष्कर्म की घटनाओं में आर्श्चयजनक वृद्धि हुई है। पुलिस हिरासत में मौतों तथा फर्जी एनकाउण्टर की तमाम घटनाओं पर मानवाधिकार आयोग ने कई बार चिंता जताई है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा को विकास में नहीं विनाश में रूचि है। संविधान और नैतिक मूल्यों में उसकी आस्था नहीं है। जनता से किए गए वादो को निभाने की भी उसकी मंशा नहीं है। उसने जनता के हर भरोसे को तोड़ा है। लोगों की भावना से खिलवाड़ किया है। छल-बल, आतंक और प्रलोभन के बल पर उसकी राजनीति चल रही है। जनता उससे बुरी तरह ऊबी हुई है। सन् 2022 में भाजपा की विदाई सुनिश्चित है। राज्य की जनता का समाजवादी पार्टी पर ही अटूट विश्वास है।

### यूपी विधानसभा चुनाव लोकतांत्रिक क्रांति के गवाह बनेंगे- अखिलेश

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव लोकतांत्रिक क्रांति के गवाह बनेंगे।सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर नकारात्मक राजनीति का आरोप लगाते हुये श्री यादव ने बुधवार को ट्वीट किया आज की विघटनकारी-रूढ़िवादी नकारात्मक राजनीति सत्ता के विरुद्ध एकजुट शोषित,उपेक्षित,उत्पीड़ित,अपमानित दलित, दमित, वंचित, ग़रीब, किसान, मज़दूर, महिला व युवाओं की 'नयी राजनीति' जन्म ले रही है।

## दो तस्कर गिरफ्तार,65 लाख का गांजा बरामद

**लखनऊ,संवादाता।**उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से आज अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मैनुपरी से गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 330 किलो गांजा बरामद किया,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 65 लाख रूपये आंकी गई है।

एसटीएफ प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसटीएफ ने सूचना पर कोतवाली मैनपुरी क्षेत्र से मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले ट्रक सवार अर्न्तराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों कन्नौज निवासी जितेन्द्र कुमार और सुशील कुमार को नंगला जुला रेलवे क्रासिंग करहल रोड पर साढ़े तीन बजें गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 330 किलो गांजा, दो मोबाईल फोन बरामद किए।

उन्होंने बताया कि काफी समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलो में मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न टीमों को सूचना संकलन एवं कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में मेरठ एसटीएफ की फील्ड यूनिट के नेतृत्व में सूचना संकलन की जा रही थी।इसी क्रम में सूचना मिली कि विभिन्न जिलो में उड़ीसा से गांजे की तस्करी की जा रही है। गिरोह के सदस्य ट्रको/कन्टेरों में सामान में छिपाकर मादक पदार्थ लेकर आते हैं। ये लोग विभिन्न जिलो के अलावा दिल्ली एनसीआर आदि क्षेत्रों में गांजा बेचते हैं।प्रवक्ता ने बताया कि आज उड़ीसा से एक ट्रक में भारी मात्रा में गांजा छिपाकर मैनपुरी में सप्लाई दिया जाना है। इस सूचना पर निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में एक टीम जो मैनपुरी में भ्रमणशील थी। एसटीएफ ने तत्काल मैनपुरी कोतवाली प्रभारी को अपने साथ लिया और बताये गये स्थान आसरा आवास के पास करहल मैनपुरी रोड पर पहुंचकर ट्रक का इन्तजार करने लगे।

## अवैध संबंधों के शक में पति ने की पत्नी की हत्या

झांसी 30 जून (वार्ता) उत्तर प्रदेश में झांसी के मऊरानीपुर थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति ने अवैध संबंधों के शक में पत्नी की धारदार हथियार से गला रेंतकर हत्या कर दी है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के कादम्बली मोहल्ला निवासी अय्यूब खान ने पत्नी रोशन की गला रेंतकर हत्या कर दी है और हत्या को अंजाम देकर वह खुद ही थाने पहुंच गया और पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने अय्यूब के घर से आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपी पति को साईको बता रही है।

मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के कादम्बली मोहल्ला निवासी अय्यूब खान जूते-चप्पल का कारोबारी है। लगभग 13 वर्ष पूर्व उसकी शादी मिर्जापुर निवासी रोशन से हुई थी। अय्यूब के तीन बच्चे भी हैं। कुछ समय से अय्यूब को शक था कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति के साथ सम्बंध हैं और वह उससे बात करती है। इसी को लेकर दोनों के बीच तनाव बना रहता था। कई बार घर में कहासुनी व विवाद भी हुआ। मंगलवार की देर रात अय्यूब ने अचानक चाकू से रोशन का गला रेतकर हत्या कर दी। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित अय्यूब खान मानसिक रुप से विक्षिप्त नजर आ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों पर शक करना उसकी आदत में शुमार सा हो गया था। संभवत: ऐसी कोई वजह के चलते उसने इतना घातक कदम उठाया हो, फिलहाल मामले में पड़ताल जारी है।

## कर्नलगंज इलाके में हुई मुठभेड़ में दो इनामी गौ-तस्कर गिरफ्तार

**गोण्डा, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कोतवाल और एक गौ-तस्कर घायल हो गया।पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा नें बुधवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्नलगंज कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह को कल रात सूचना मिली कि बटौरा डोहागी गांव के पास कुछ पशु तस्कर गायों को बिक्री के लिये ले जाने की फिराक में हैं।इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तस्करों को घेर लिया। खुद को घिरा देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी,जिसमें कर्नलगंज कोतवाल संतोष कुमार सिंह गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस की जवाबी फायरिंग में इनामी तस्कर शाहरुख गोली लगने से घायल हो गया,जिसे उसके साथी सुकई के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य तस्कर फरार हो गये। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

उन्होंने बताया कि तस्करों के कब्जे दो गौवंश व अन्य धारदार हथियार बरामद किये है । उन्होंने बताया कि घायल कोतवाल और बदमाश को अस्पताल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनामी घोषित कर रखा था।

## उन्नाव मुठभेड़ में दो इनामी समेत चार बदमाश गिरफ्तार

**उन्नाव, संवादाता।**उत्तर प्रदेश में उन्नाव के सदर कोतवाली इलाके में आज हुई पुलिस मुठभेड़ में 25-25 हजार रूपये के दो इनामी समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोतवाली सदर पुलस और क्राइम ब्रान्च की टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए सूचना के आधार पर दोस्ती नगर फायर सर्विस के पास बाइक सवार बदमाशों की घेराबन्दी की । खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, बदमाशों की फायरिंग में उपनिरीक्षक प्रेम नरायण सरोज, आरक्षी विजय कुमार, आरक्षी अमर सिंह घायल हो गये।

उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में इनामी बदमाश धनराज, अजय घायल हो गये, जिन्हे उनके साथी विजय कुमार और देवेन्द्र कुमार उर्फ देव के साथ गिरफ्तार कर लिया जबकि इनके दो साथी मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 03 हजार रूपये नगद, चोरी के जेवरात के अलावा मोबाइल फोन, दो पिस्टल,दो तमंचे और कुछ कारतूस बरामद किए। घायलों को अस्पताल भेज दिया।


प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार धनराज व अजय शातिर किस्म के अपराधी हैं जिसमें धनराज के विरूद्ध उन्नाव जिले के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 23 अभियोग एवं अजय के विरूद्ध विभिन्न थानो में 10 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार धनराज व अजय थाना मौरावां पर दर्ज मामले में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा था।

## सरयू नदी का जल स्तर तेजी से घटाव की ओर

**बस्ती संवादाता।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे सरयू नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है लेकिन नदी खाली पड़ी जमीन को काट कर अपनी धारा मे विलीन कर रही है ।

गांव के निकट बने ठोकर पर भी दबाव बना है । कटान रोकने के लिए बाढ़ खण्ड के अधिकारियो द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।केन्द्रीय जल आयोग के सूत्रो ने यहां यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि नदी खतरे के बिन्दु से नीचे बह रही है । नदी का रूख कटान की ओर है और कहीं कृषि योग्य भूमि तो कहीं खाली पड़े भूभाग को काट रही है । नदी के बढ़ते स्वरूप से ग्रामीण सहमे हैं । कटरिया-चांदपुर तटबंध के निकट कटरिया एवं खजांचीपुर के सिवान के बीच कृषि योग्य भूमि काट रही है।, गांव के निकट बने ठोकर पर भी दबाव बना है ।

## यूपी में कोरोना के 165 नये मामले,रिकवरी रेट 98.5 फीसदी




**लखनऊ संवादाता।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 165 नये मामले सामने आये है जबकि 292 मरीज स्वस्थ हुये। राज्य में फिलहाल 2796 मरीजों का उपचार किया जा रहा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 प्रबंधन के लिये गठित टीम-09 की बैठक में कहा कि लगातार कोशिशों से उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर की स्थिति नियंत्रण में है। संक्रमण दर न्यूनतम स्थिति में है। वर्तमान में 2,796 कोरोना मरीज उपचाराधीन हैं। प्रदेश में कोरोना से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 16 लाख 80 हजार 720 हो चुकी है। प्रदेश की कोविड रिकवरी दर 98.5 फीसदी हो गई है, जबकि बीते 24 घंटे में पॉजिटिविटी दर 0.06 फीसदी पाई गई। प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 78 लाख 44 हजार 27 टेस्ट हो चुके हैं।

उन्होने कहा कि पिछले 24 घंटे में प्रदेश में 02 लाख 57 हजार 818 कोविड टेस्ट किए गए। इसी अवधि में संक्रमण के 165 नए मामले आये हैं, जबकि 292 मरीज उपचारित होकर स्वस्थ हुए हैं। 1,810 लोग होम आइसोलेशन में हैं।

श्री योगी ने कहा कि देश के अनेक राज्यों में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट डेल्टा प्लस से संक्रमित मरीज पाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार का वैरिएंट पहले की अपेक्षा कहीं अधिक खतरनाक है। हमें विशेष सतर्कता बरतनी होगी। विशेषज्ञों के परामर्श के अनुरूप बिना देर किए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। कोरोना महामारी के दृष्टिगत प्रदेश की स्थिति हर दिन के साथ बेहतर होती जा रही है। यह अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरतने का समय है। थोड़ी सी लापरवाही बड़ी समस्या का कारक बन सकती है।

उन्होने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को त्वरित और गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा संकल्पित भाव के साथ प्रयास किये जा रहे हैं। विकास खंड स्तर पर सब हेल्थ सेंटर की संख्या और बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में प्रदेश में 18 हजार से अधिक सब हेल्थ सेंटर संचालित हैं। जुलाई में 5,000 नए सब हेल्थ सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया आरम्भ की जायेगी । यह लोगों को त्वरित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने में उपयोगी सिद्ध होंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में कार्यवाही तत्काल शुरू कर दी जाए।

## मेरठ में अस्पताल के मालिक की हत्या

**मेरठ,संवादाता।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में बुधवार तड़के एक निजी अस्पताल के मालिक की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र की मलियाना पुलिस चौकी से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर एक अस्पताल के मालिक 82 वर्षीय यशपाल सिंह का धर्म कांटा है, जहां वह मंगलवार रात सोये हुए थे। बताया गया है कि आज तड़के करीब साढ़े चार बजे कुछ अज्ञात हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।पुलिस चौकी कर्मियों को इस हत्या की भनक भी नहीं लगी। अस्पताल से वापस लोटने पर परिजनों ने उनका शव देख कर पुलिस को सूचना दी। उनको छह गोलियां मारी गई थीं।पुलिस अधीक्षक नगर विनीत भटनागर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश का मामला सामने आया है।

## प्रतापगढ़ में डबल डेकर बस खड़े ट्रक से टकराई, करीब 60 लोग घायल

**प्रतापगढ़, संवादाता।**उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां इलाके में चालक को झपकी आने से डबल डेकर बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे करीब 60 लोग घायल हो गये,जिसमें महिला व बच्चे भी शामिल हैं।पुलिस सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर हथिगवां इलाके में फोर लेंन हाई वे पर राजपूत ढाबे के चालक को झपकी आने के कारण डबल डेकर बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई।

हादसे में करीब 60 लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि बिहार के गया जिले के विभिन्न गांवों के मजदूर अलीगढ़ के एक ईंट भट्ठा पर काम करते थे। बारिश में भट्ठा बन्द होने पर मजदूर डबल डेकर बस बुक करके अपने घर गया लौट रहे थे । उन्होंने ने बताया है बस पर क्षमता से अधिक मजदूर सवार थे । मजदूरों की गिनती कराई गई तो बस पर 62 पुरुष, 62 महिलाएं 40 लड़कियां ,20 लड़कों के अलावा कुछ छोटे बच्चे गोद ले रखे थे।

उन्होंने बताया कि बस पर सवार मजदूरों के अलावा अधिकतर घायलों को प्रथम उपचार के बाद दूसरी बस मंगा कर उनके घर भेजा जा रहा है । उन्होंने बताया गंभीर रुप से घायल साल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। इस सिलसिले में चालक के खिलाफ लापरवाही बरतने ,क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# मरीजों के तीमारदारों का कैम्प लगाकर वैक्सीनेशन किया जाए:आनंदीबेन

## कहा, संस्थान में संचालित महिला उत्थान केन्द्र मात्र औपचारिक केन्द्र बनकर न रहें, बल्कि संस्थान महिला एवं बालिका समूह बनाकर उन्हें शिक्षा, स्वावलम्बन तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए प्रेरित करें



**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि मरीजों के तीमारदारों का कैम्प लगाकर वैक्सीनेशन किया जाए।

श्रीमती पटेल आज राजभवन से संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान तथा डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की आनलाइन समीक्षा बैठक की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभिन्न शैक्षणिक पदों पर भर्ती के माध्यम से नियुक्ति में पारदर्शिता तथा शासन द्वारा निर्धारित एक समान चयन प्रक्रिया अपनायी जाय और विज्ञापन में सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लेख हो और उसे वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि महालेखाकार एवं लोकल आडिट से प्राप्त आपत्तियों को भी गम्भीरता से ससमय निस्तारित किया जाय और यदि किसी भी रूप में अग्रिम का भुगतान हुआ है तो उसका नियमानुसार समायोजन अवश्य कर लिया जाय।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने निर्देश दिये कि अनुपयोगी खातों को बंद करते हुए संस्थान में वित्तीय जरूरतों के लिये न्यूनतम खाते रखे जायें। साथ ही कैश बुक तथा बैलेन्स सीट अनिवार्य रूप से तैयार की जाये।

उन्होंने निर्देश दिया कि दोनों संस्थान डिजिटल लॉकर की शीघ्र व्यवस्था करते हुए छात्रों के सभी रिकार्ड उसमें रखें। संस्थानों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्यों का नियमित अनुश्रवण किया जाय, उचित होगा कि एक समिति का गठन कर दिया जाए, जो सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता की निगरानी करे। आवासीय व्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनाधिकृत व्यक्तियों को आवास न आवंटित किया जाए तथा परिसर के आवासीय कालोनी में प्रीपेड मीटर लगाने को प्राथमिकता दी जाए।

श्रीमती पटेल ने चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाओं के क्रय करने वाली व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि क्रय किये जाने वाले चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाओं को अधिकृत संस्थान से ही क्रय किया जाय। उन्होंने कहा कि संस्थान के जो विवाद न्यायालय में लम्बित चल रहे हैं, उनकी समीक्षा करने के साथ-साथ निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाये जाये।

राज्यपाल ने कहा कि संस्थान में संचालित महिला उत्थान केन्द्र मात्र औपचारिक केन्द्र बनकर न रहें, बल्कि संस्थान महिला एवं बालिका समूह बनाकर उन्हें शिक्षा, स्वावलम्बन तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए प्रेरित करें। इसी प्रकार संस्थान नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों को बुलाकर स्वास्थ्य, कुपोषण, क्षय रोग से पीड़ित रोगियों, गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत अस्पताल में प्रसव कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें।

उन्होंने संस्थान के चिकित्सक कोरोना महामारी से निपटने के लिए बनी निगरानी समिति के सदस्यों को जागरूक करें। कोरोना की तीसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि लोगों को किट, सेनेटाइजर और मास्क का उपयोग कैसे करना है, इसके लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही संस्थान में आने वाले मरीजों के तीमारदारों का कैम्प लगाकर वैक्सीन लगायें।

श्रीमती पटेल ने कहा कि संस्थान कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को गोद लेने का काम करें तथा उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था भी करें ताकि उन बच्चों को भी पारिवारिक माहौल मिल सके और उनकी शिक्षा भी बाधित न हो। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संस्थान नयी शिक्षा नीति के प्राविधानों को तैयार करके यथाशीघ्र लागू करें।

इस अवसर पर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो0 राधा कृष्ण धीमान, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की निदेशक डॉ सोनिया नित्यानंद, विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डा0 पंकज जानी सहित दोनों संस्थानों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# उप्र के डीजीपी एच सी अवस्थी हुए सेवानिवृत्त, एडीजी प्रशांत कुमार को सौंपा पदभार

**लखनऊ,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हितेश चंद्र अवस्थी आज सेवानिवृत्त हो गए और अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार को पदभार सौप दिया।



पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने के बाद श्री अवस्थी डीजीपी मुख्यालय पहुंचे और एडीजी प्रशांत कुमार को पदभार सौपा। श्री कुमार नए डीजीपी की तैनाती तक जिम्मेदारी संभालते रहेंगे।

डीजीपी मुख्यालय में हाई-टी के बाद सादे समारोह में हितेश चंद्र अवस्थी को विदाई दी गई। विदाई के अवसर पर रैतिक परेड के आयोजन की परंपरा रही है, लेकिन कोविड संक्रमण काल के चलते इस बार ऐसा कोई परंपरागत आयोजन नहीं की गई। अभी राज्य के नए पुलिस मुखिया के नाम की घोषणा का इंतजार है। मुख्यमंत्री जल्द ही नए डीजीपी के नाम का ऐलान कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अवस्थी को जीवन की नवीन पारी के लिए शुभकामनाएं दी। टीम-9 की बैठक के दौरान श्री योगी ने कहा कि पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी 36 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आईपीएस अधिकारी के रूप में उन्होंने अपनी लंबी सेवावधि के दौरान एक अच्छे नेतृत्वकर्ता, तेज-तर्रार अधिकारी के रूप में देश-प्रदेश की सेवा की है।

कोविड की विभीषिका के बीच उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस के मुखिया की महती जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अवधि में पुलिस के मानवीय पक्ष ने पूरे देश को प्रभावित किया। कोविड प्रबंधन के लिए गठित टीम-9 के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में भी आपकी भूमिका सराहनीय रही।

गौरतलब है कि प्रदेश के नए डीजीपी की रेस में 1987 बैच के आईपीएस मुकल गोयल सबसे आगे है और अगले डीजीपी हो सकते हैं। मुकुल गोयल ने कल शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात भी की थी। दिल्ली में मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग की बैठक में अगले डीजीपी को लेकर तीन अधिकारियों का पैनल तय कर दिया गया। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी व डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी भी शामिल थे।

डीजीपी की रेस में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी मुकुल गोयल सबसे आगे हैं। इसके अलावा इसी बैच के आइपीएस तथा वर्तमान में डीजी ईओडब्ल्यू डा.आरपी सिंह का नाम है। आयोग के पैनल में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात 1986 बैच के आइपीएस अधिकारी नासिर कमाल का नाम भी शामिल है।

पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी समेत नौ आइपीएस अधिकारी आज रिटायर हो गये। सेवा से अवकाश ग्रहण करने वाले अधिकारियों में 1985 बैच के आइपीएस अधिकारी डीजीपी अवस्थी के अलावा केंद्रीय केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रेलवे सुरक्षा बल के डीजी पद पर तैनात इसी बैच के अरुण कुमार भी सेवानिवृत्त हो गए। इसके अलावा प्रांतीय पुलिस सेवा से प्रोन्नत हुए सात आइपीएस अधिकारी भी आज रिटायर हो गए।

रिटायर होने वाले अधिकारियों में आइजी इंटेलीजेंस जेके शुक्ला, आइजी पुलिस मुख्यालय राजेश पांडेय, निलंबित चल रहे डीआइजी दिनेश चंद्र दुबे, डीआइजी पीटीसी सीतापुर दिलीप कुमार, डीआइजी यूपी पावर कार्पोरेशन साधना गोस्वामी, एसपी विजिलेंस वीरेंद्र कुमार मिश्र और एसपी यूपी-112 माधव प्रसाद वर्मा शामिल हैं। पीपीएस संवर्ग के 12 अधिकारी भी आज सेवानिवृत्त हो गए।

## न्यायाधीश एवं अधिकारियों ने किया बहराइच जेल का निरीक्षण

**बहराइच, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में न्यायाधीश सुरेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह के साथ संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए की गयी व्यवस्था इत्यादि का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान पाकशाला, चिकित्सालय, विभिन्न बैरकों, बन्दी पीसीओ इत्यादि का निरीक्षण किया गया। कारागार की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के तहत गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति की संतुतियों के आधार पर 65 वर्ष से अधिक आयु के सिद्धदोष बन्दियों को 60 दिवस के पेरोल पर रिहा किये जाने के सम्बन्ध में बैठक भी सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगन्नाथ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, श्रीमती शिखा यादव, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सिंह, जेल अधीक्षक ए.एन. त्रिपाठी, जेलर बी.के. शुक्ल, डिप्टी जेलर देवकान्त वर्मा व एस.के. त्रिपाठी, चिकित्सक आभाष अंकुर श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गोरखपुर-पनवेल सहित पहले से चल रही दस स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों के फेरे बढ़ाये

**गोरखपुर, ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए गोरखपुर-पनवेल सहित गोरखपुर से बनकर चल रही दस स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों के फेरे बढ़ाये है।पूर्वोत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने आज बताया कि यह सभी ट्रेने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव और मार्ग के आधार पर चलायी जलायेगी।उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 05063 गोरखपुर-पनवेल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी एक जुलाई, को ,05064 पनवेल-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 02 जुलाई को ,05401 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 14 एवं 21 जुलाई को , 05402 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 16 एवं 23 जुलाई को , 05301 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 09 एवं 16 जुलाई को , 05302 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 10 एवं 17 जुलाई को, 05195 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 01 एवं 05 जुलाई को , 05196 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 02 एवं 06 जुलाई को , 05303 गोरखपुर-एर्नाकुलम ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 03 जुलाई को तथा 05304 एर्नाकुलम-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 05 जुलाई को चलाई जायेगी ।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

**संभल, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के असमोली क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार रूपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश और पुलिसकर्मी घायल हो गये।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने बताया कि असमोली पुलिस ने बुधवार को शहवाजपुर जाने बाले रास्ते पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रूकने का इशारा किया तो कार में बैठे बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया और भागने लगे। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से तबारक नामक बदमाश घायल हो गया,जिसे गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन बदमाश भागने में सफल रहे। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।

उन्होंने बताया कि बदमाशों की गोली से एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। घायल बदमाश के कब्जे से असलहा बरामद किया। घायलों को अस्पताल भेज दिया। बताया कि घायल बदमाश थाना असमोली पर दर्ज मामले में फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित था।

# अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- राजमौलि



**सहारनपुर,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के मंडलायुक्त ए वी राजमौलि ने कहा कि जिले में अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री राजमौलि ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. एस चनप्पा को फोन पर निर्देश दिए कि सहारनपुर में अवैध

खनन, परिवहन और खनन सामग्री का अवैध भंडारण किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियम नियम होते हैं, पुलिस उनका सख्ती से पालन कराए।

उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में अवैध खनन होना आया है। जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने श्री चनप्पा से कहा कि वह खनन माफियाओं और अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ चाहे वे कितने भी


प्रभावशाली क्यों न हों सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

दूसरी ओर जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने आज बताया कि बरसात के कारण तीन माह के लिए जिले में खनन का काम बंद हो जाएगा। जो खनन सामग्री स्टोन क्रेशर पर उपलब्ध है उसी का इस्तेमाल और परिवहन होगा। उन्होंने कहा कि

नदियों से खनन नहीं होता है।

श्री राजमौलि ने सहारनपुर मंडल के तीनों जिलो सहारनपुर,मुजफ्फरनगर और शामली के आला अफसरों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और मानकों का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कोरोना कर्फ्यू के कारण निर्माण कार्यों में जो विलंब हुआ है उन कार्यों में तेजी लाई जाए और मार्च-2022 से पहले निर्माण कार्य भी पूरे किए जाएं।

# 1090 पर जनवरी से मई तक 68,434 शिकायतें निस्तारित




**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इस साल जनवरी से मई के बीच 1090 वीमेन पावर लाइन में 68 हजार 434 शिकायतों का निस्तारण कर दिया है।

अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा एक जनवरी से 31 मई तक की गई कार्यवाही का विवरण देते हुए बताया कि इस अवधि मे 1090 वीमेन पावर लाइन द्वारा कुल 1,27,888 शिकायते दर्ज की गयी। इनमे से 75,334 शिकायतें फोन बुलिंग एवं साइबर बुलिंग से संबंधित थी जिसमें से 68,434 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। शेष शिकायतें निस्तारण की प्रक्रिया में हैं।

उन्होने बताया कि उपरोक्त मे से 1,377 शिकायतें स्टाकिंग व 51,177 शिकायतें अन्य प्रकरणों से संबंधित होने के कारण उन्हें जिला पुलिस, जीआरपी एवं यूपी 112 को अन्तरित किया गया है।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन से मिली जानकारी के अनुसार वीमेन पॉवर लाइन-1090 में प्राप्त ऐसी शिकायतें जिसमें सामान्य काउन्सलिंग के उपरान्त भी आरोपी द्वारा पीड़िता को परेशान किया जाना पाया गया उन शिकायतों का निस्तारण 1090 की विशेष टीम द्वारा आरोपी के एफएफआर (फैमिली, फ्रेण्ड्स एवं रिलेटिव) काउन्सलिंग के माध्यम से किया गया। जुलाई, 2020 से अब तक इस प्रकार की प्राप्त कुल 5719 शिकायतों में एफ0एफ0आर0 काउन्सलिंग कर पीड़िताओं को राहत पहुंचायी गयी है।

अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन ने बताया है कि लखनऊ में चिन्हित किये गये हॉटस्पॉटस पर वीडियों सर्विलांस के लिये सीसीटीवी, ड्रोन एवं मोबाइल सर्विलांस व्हीकल की व्यवस्था होगी जिसकी मानीटरिंग स्थापित किये जा रहे इन्टीग्रेटेड स्मार्ट कन्ट्रोल रूम द्वारा की जोयगी। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद लखनऊ में 100 संवेदनशील स्थानों पर 100 पिंक बूथ/पिंक आउटपोस्ट की स्थापना की जा रही है, जिसका संचालन महिला पुलिस कर्मियों द्वारा किया जायेगा। इसका उद्देश्य है कि महिलाये सहज तरीके से अपनी बात महिला पुलिस से कह सके।

लखनऊ पुलिस की महिला पुलिस कर्मियों द्वारा संवेदनशील स्थानों पर पैट्रोलिंग/गश्त किये जाने हेतु खरीदे गये 100 दो पहिया पिंक पैट्रोल एवं 10 चार पहिया पिंक पेट्रोल वाहन संचालित किये गये है। ये वाहन अपने पैट्रोलिंग क्षेत्र के निकटवर्ती थानों एवं पिंक बूथों के रेडियों संचार के माध्यम से तथा लखनऊ सेफ सिटी के कन्ट्रोल रूम तथा यू0पी0 112 से डेटा-संचार के माध्यम से जुड़ेगे। इसके साथ ही लखनऊ शहर के 74 स्थानों पर महिलाओं की सुविधा हेतु पिंक टॉयलेट्स निर्मित किये जा रहे है तथा शहर के अन्तर्गत संचालित सिटी बसों में महिलाओं की सुरक्षा हेतु जीपीएस, सीसीटीवी एवं पैनिक बटन अधिष्ठापित कराया जाना प्रक्रियाधीन है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार कांस्टेबल की मृत्यु

**रायबरेली,ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के गौरीगंज क्षेत्र में आज हुई सड़क दुर्घटना में लालगंज इलाके पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के हमराही बाइक सवार कांस्टेबल सौरव कुमार पांडे की मृत्यु हो गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बुधवार को बताया की उनका हमराही सौरव कुमार पांडे छुट्टी पर अपने घर गया था । वह आज बाइक पर घर से लौट रहा था। गौरीगंज क्षेत्र में गलत दिशा से आ रहे तेज़ रफ़्तार ट्रक ने सौरव की बाइक को टक्कर मार दी। आमने सामने हुई इस टक्कर से श्री पाण्डे की मौके पर ही मृत्यु हो गयी।

उन्होंने बताया कि हादसे के बाद चालक ट्रक छोडकर फरार हो गया है।

## सुमेर सागर तालाब में नहाते समय डूबने से बालक की मृत्यु

**गोरखपुर, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में गोरखनाथ के सुमेर सागर तालाब में आज स्नान करते समय एक बालक की डूबकर मृत्यु हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि धर्मशाला स्थित सुमेर सागर निवासी आठ वर्षीय शिवम अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। नहाते समय शिवम डूब गया। उसके साथी बच्चों के शोर मचाने पर वहां पहुंचे लोग उसे तालाब से निकालकर जिला अस्पताल ले गये, जहां डाक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

## लखनऊ में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 264 लोगों का चालान

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यातायात पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वाले 264 लोगों का बुधवार को ई-चालान किया।

पुलिस प्रवक्ता ने आज शाम यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस ने लखनऊ शहर के विभिन्न चौराहो एवं तिराहो पर दो पहिया वाहन पर बगैर हेलमेट,तीन सवारी, बिना नम्बर वाहन और ओवर स्पीड आदि के सम्बन्ध में चेकिंग की गई।

इस दौरान प्रवर्तन टीमों ने दो पहिया वाहन पर हेलमेट न/न लगाने वाले 64 ,तीन सवारी बैठाने पर 03 लोगों का,नो-पार्किंग में किए गए चालान 108 जबकि गलत दिशा में चलने वाले 11 लोगों का चालान किया। चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले 31 लोगों का चालान किया गया। इसके अलावा अन्य मामलो में 35 से अधिक लोगों के चालान किए गये ।

प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस ने जुर्माने के तौर पर तीन लाख 75 हजार 500 रुपये शमन शुल्क के रुप में वसूले गये।

## कैसरगंज इलाके में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**बहराइच, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कैसरगंज क्षेत्र में बुधवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई,जिसका शव सड़क किनारे मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।पुलिस सूत्रों के अनुसार कैसरगंज इलाके में बिराहिमपुर बिल्हौरा गांव के निकट सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला । उन्होंने बताया कि युवक की शिनाख्त बिराहिमपुर बिल्हौरा निवासी मोहम्मद अली के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद खादिम के रुप में की गई।उन्होंने बताया कि परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर थाने पर गांव के ही मुनस्सिर खां , दद्दन उर्फ अलीम खां ,जहीम खां के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को दिया गया मुख्यमंत्री का संदेश पत्र

**झांसी ब्यूरो।**उत्तर प्रदेश के झांसी में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों को बुधवार को मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश पत्र सौंपा गया।

नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानो को मुख्यमंत्री का संदेश पत्र प्रदान करते हुए जिलाधिकारी आंद्रा वामसी ने सभी को बधाई दी और कहा कि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग गांवो के विकास के लिये करें। गांवों में किसी भी विकास एवं परिवर्तन आपके स्तर से ही संभव हो सकता है, आप गांव की सरकार के मुखिया हैं आपका दृष्टिकोण भी सकारात्मक होना अनिवार्य है। इसके लिये अपनी टीम एवं ग्राम स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समन्वय रखते हुए संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें।

ग्राम पंचायत स्तर पर व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, मनरेगा के कार्यो को प्रमुखता से क्रियान्वित कराये तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपनी सक्रियता के साथ-साथ टीम समन्वय रखते हुए लोगो में जन जागरुकता लाये। सामुदायिक स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता से ही संचारी रोग का नियंत्रण किया जा सकता है। इसके लिये स्वच्छ वातावरण, साफ-सफाई, जल-जमाव की स्थिति से निजात के लिये कार्य करना होगा। सभी को एकजूट होकर कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के साथ साथ इस बीमारी से जंग जीती जा सकती है।

उन्होने सभी ग्राम प्रधानो से ''मेरा गांव कोरोना मुक्त गांव'' की दिशा में कार्य किये जाने की अपेक्षा के साथ कहा कि इसके लिये अपनी टीम व सभी ग्राम स्तरीय कर्मचारियों का समन्वय रखते हुए इस मंशा को सफल बनाये जाने का आव्हान किया। मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि आप सभी के सहयोग से ही मेरा गांव ,कोरोना मुक्त गांव का सपना साकार हो।आपके गांव को शासन स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगाग्राम स्वास्थ्य निगरानी समिति को क्रियाशील रखें। सभी सदस्यो से समन्वय रखें तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपनी अग्रणी भूमिका निभायें, गांव को स्वस्थ रखें। यह भी प्रयास करें कि कोई भी बच्चा इस बीमारी से ग्रसित न होने पाये। सामुदायिक स्वास्थ्य की परिकल्पना को साकार करना होगा, तभी बीमारियों के विरुद्ध लड़ाई जीतने में हम सफल हो सकते है।

ग्रामीण क्षेत्र में सेनेटाइजेशन का काम लगातार किया जाए,फागिंग मशीन जिन ग्राम पंचायतो में न हो, वहां क्रय कर लें या जहां खराब हो उसे ठीक करा सकते है। जल जमाव एवं साफ सफाई कार्य को अभियान चलाकर पूर्ण कराये। सामुदायिक शौचालय एवं नये शौचालयों को निर्माण प्रमुखता से सुनिश्चित करायें। जो सामुदायिक शौचालय बन चुके है, उसे हैण्डओवर कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराये। ग्राम पंचायत भवनो का निर्माण भी तत्परता से करते हुए उसे ग्राम सचिवालय के रुप में विकसित करें।

संचारी रोगो से बचाव के लिये ग्राम स्तर पर जन जागरुकता अत्यन्त आवश्यक है, ग्राम प्रधान की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। वे अपने इन दायित्वों का निर्वहन करते हुए गांवो में जागरुकता लाये, जिससे कि इस बीमारी का प्रभावी नियंत्रण जनपद में किया जा सके। विशेष संचारी अभियान माह जुलाई में संचालित होगा तथा इस अभियान के तहत 12 जुलाई से 25 जुलाई तक दस्तक अभियान भी चलाया जायेगा।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शैलेष कुमार द्वारा नव निर्वाचित ग्राम प्रधान पुष्पराज ग्राम प्रधान रनगुवां, शिरोमणि ग्राम प्रधान भूपनगर, दिलीप कुमार ग्राम प्रधान मड़ोरा, चंदन ग्राम प्रधान दिगारा को संदेश पत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेंद्र कुमार निगम,एडीएम प्रशासन बी. जिला पंचायत राज अधिकारी जेआर गौतम,खनिज अधिकारी डीपी यादव सहित अन्य अधिकारी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## गैंगेस्टर एक्ट के तहत बदमाश की 01 करोड़ 65 लाख की सम्पत्ति कुर्क

**मिर्जापुर, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के कोतवाली देहात इलाके में एक बदमाश द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई एक करोड़ 65 लाख रुपये की सम्पत्ति पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर ली।पुलिस प्रवक्ता ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिर्जापुर देहात पुलिस ने गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधी अनूप मालवीय उर्फ टाइगर द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी

## संपादकीय

# कृषि भूमि सुधार के लिए संघ की पहल को मिल रहा है अभूतपूर्व समर्थन

भारत वर्ष में प्राचीन काल से कृषि के साथ-साथ गौ पालन किया जाता था, जिसके प्रमाण हमारे ग्रंथों में प्रभु कृष्ण और बलराम हैं, जिन्हें हम गोपाल एवं हलधर के नाम से संबोधित करते हैं अर्थात् कृषि एवं गोपालन संयुक्त रूप से अत्यधिक लाभदायी था।इतिहास इस तथ्य का प्रामाणिक दस्तावेज है कि भारत की भूमि पर एक समय दूध की नदियां बहती थीं, वहीं भारत की कृषि भूमि भी सोना उपजाती थी। इसका तात्पर्य यही है कि भारत भूमि की उर्वरा शक्ति बहुत ही अच्छी थी। भारत हर क्षेत्र में इतना सम्पन्न था कि विश्व का कोई भी देश उसके समक्ष ठहर नहीं सकता था। लेकिन आज भारत की कृषि भूमि का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। हालांकि वर्तमान में देश में इस बात के लिए गंभीरता पूर्वक चिंतन होने लगा है कि रासायनिक खादों के चलते कृषि भूमि में जो हानिकारक बदलाव आए हैं, उसे कैसे दूर किया जाए। इस बारे में देश के हित में समर्पण और निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने भूमि सुधार का बहुत बड़ा और आज के लिए अत्यंत आवश्यक अभियान हाथ में लिया है, जिसके अंतर्गत संघ के स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर किसानों से भूमि सुधार की दिशा में अभिनव पहल करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा यह प्रयोग कोई नया नहीं है। संघ के अनेक कार्यकर्ता ग्रामीण उत्थान के कार्यों में लंबे समय से अपेक्षित परिणाम दे रहे हैं। देश के कई गांवों में खेती की दिशा में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की टोली ने मध्य प्रदेश के मोहद (नरसिंहपुर) और झिरी (राजगढ़) में ऐसे ही प्रयोग करके भूमि सुधार का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन गांवों के किसान जैविक पद्धति से खेती कर जहां भूमि को स्वस्थ बना रहे हैं, वहीं पर्यावरण के प्रदूषण को समाप्त करने में भी योगदान दे रहे हैं। इतना ही नहीं आसपास की गांवों में यह जागृति भी ला रहे हैं कि किसान जैविक पद्धति के आधार पर कृषि कार्य करें। इससे जहां भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, वहीं मानव के लिए उत्पन्न होने वाले अनाज और सब्जियों की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार होगा। इतना ही नहीं जैविक खेती की अच्छाइयों से प्रभावित होकर देश के कई किसान इस ओर प्रवृत्त हुए हैं और अपेक्षा के अनुसार परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। यह बात सही है कि कोई भी अच्छा काम करने के लिए समय भी लगता है, लेकिन अच्छे और सुव्यवस्थित रूप से काम किया जाए तो परिणाम अच्छे ही मिलेंगे। रासायनिक खादों के प्रयोग से हमें भले ही जल्दी फसल प्राप्त हो जाए, परंतु उस फसल को अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता। रासायनिक खादों के प्रयोग के चलते जो फसल प्राप्त होती है, उसे अधिक धन प्राप्त करने की दृष्टि से ही किया जाता है।

जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और खरपतवारनाशकों के स्थान पर जीवांश खाद के रूप में गोबर की खाद, हरी खाद, जैविक खाद आदि का उपयोग किया जाता है। इससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता और कृषि लागत घटने व उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ने से कृषक को अधिक लाभ भी मिलता है।

तरह-तरह के कीटनाशकों के प्रयोग के चलते जैविक और अजैविक पदार्थों के चक्र का संतुलन बिगड़ता जा रहा है और वातावरण प्रदूषित होकर, मानव जाति के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। अब हम रसायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों के उपयोग के स्थान पर जैविक खादों एवं दवाइयों का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे भूमि, जल एवं वातावरण शुद्ध रहेगा और मनुष्य एवं प्रत्येक जीवधारी स्वस्थ रहेंगे।हरित क्रांति के समय से बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए एवं आय की दृष्टि से उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। वर्तमान में जिस प्रकार से खेती से किसानों का मोह भंग हो रहा है, उसका एक मात्र कारण रासायनिक खेती ही है। प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज केवल जैविक आधार पर खेती करते थे, तब उत्पादन भी अच्छा होता था और लोगों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता था। यहां तक कि कई फसल और सब्जियां औषधि के नाम से जानी जाती थीं। वह समय फिर से वापस आ सकता है, इसके लिए किसान को पुरानी पद्धति से ही खेती करने के तरीके को अपनाना होगा।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो भी कार्य हाथ में लेता है, उसमें पूर्णत: भारतीय दृष्टि का समावेश होता है। आशय यही है कि संघ का प्रत्येक कार्य भारत की जड़ों को सींचने वाला ही होता है। भूमि सुधार की दिशा में किए जा रहे अभियान के तहत भी जहां देश के किसानों की खेती लागत को कम करने वाला माना जा रहा है, वहीं इस अभियान से दूषित खाद्य पदार्थों के उपयोग से भी छुटकारा मिलेगा। संघ का यह अभियान ग्रामीण विकास में भी सहायक होगा, इसलिए यह अभियान केवल संघ का अभियान न होकर सम्पूर्ण देश का अभियान बनना चाहिए। यह समय की आवश्यकता है।

**-सुरेश हिन्दुस्थानी**

# प्रसन्न देशों की सूची में आखिर हम नीचे क्यों खिसकते जा रहे हैं



प्रसन्नता से जुड़ी सूचनाओं से हमें अलग-जगहों पर लोगों की मनोदशा को लेकर कुछ जानकारी मिलती है, लेकिन ज्यादा बड़ी बात यह है कि कोरे धन से खुशी तलाशने वालों को ये तथ्य सावधान करते हैं, क्योंकि धन के अलावा खुशहाली के कुछ दूसरे कारक भी हैं।हाल ही में पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से देश के 34 शहरों में खुशी का स्तर नापने के लिये एक महत्वपूर्ण सर्वे कराया गया, अब तक इस तरह के सर्वे एवं शोध विदेशों में ही होते रहे हैं, भारत में इस ओर कदम बढ़ाना जागरूक समाज का द्योतक है। इस किये गए सर्वे की रिपोर्ट में लुधियाना, अहमदाबाद और चंडीगढ़ को भारत के सबसे खुश शहरों का तमगा हासिल हुआ है। लोगों की खुशी का स्तर नापने के लिए इस अध्ययन में पांच प्रमुख कारक रखे गए थे- कामकाज, रिश्ते, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, लोकोपकार और धर्म-अध्यात्म। दुनिया के स्तर पर भी हैपिनेस इंडेक्स जारी किए जाने की खबरें हर साल आती रहती हैं। संयुक्त राष्ट्र की ओर से भी विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट जारी की जाती है, वर्ष 2019 में भारत का स्थान 133 से नीचे सरक कर 140वें पायदान पर आ गया था। इस तरह यह गंभीर चिंता की बात है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में पहले की तुलना और नीचे आ गये हैं।

प्रसन्नता से जुड़ी सूचनाओं से हमें अलग-जगहों पर लोगों की मनोदशा को लेकर कुछ जानकारी मिलती है, लेकिन ज्यादा बड़ी बात यह है कि कोरे धन से खुशी तलाशने वालों को ये तथ्य सावधान करते हैं, क्योंकि धन के अलावा खुशहाली के कुछ दूसरे कारक भी हैं, जिनको पंजाब विश्वविद्यालय ने अपने नये सर्वे में चुना है। सरकार के नीति निर्माताओं के अजेंडे पर ये कारण आने चाहिए। इस तरह के सर्वे का उद्देश्य ही प्रसन्न समाज की बाधाओं को सामने लाना एवं प्रसन्न-खुशी समाज निर्मित करना है। इस तरह के सर्वे रिपोर्ट का आना जहां सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर देता है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में नीचे खिसक रहे हैं।

दुनिया में विकास के जो पैमाने स्थापित हैं क्या वे आम-जन की खुशी एवं प्रसन्नता की बुनियादी जरूरतों पर तय होते हैं? सरकारें खुद को कामयाब दिखाने के लिए जीडीपी के आंकड़े लगातार बढ़ाने की कोशिश करती हैं, उनकी आम लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने में कितनी भूमिका है, इस पर अब दुनिया में गंभीर बहस की एवं अनुसंधान की जरूरत है। क्या दुनिया की सरकारें खुशी और प्रसन्नता को आधार बनाकर अपनी नीतियां बनाती हैं? दुनिया में भूटान वह अकेला देश है जहां सरकार बाकायदा जीएनएच (ग्रॉस नेशनल हैपिनेस) इंडेक्स को आधार बनाकर अपनी नीतियां तय करती है और लोगों के जीवन में खुशी लाना अपना लक्ष्य मानती है।ऐसे सर्वे का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? आजादी के बाद के भारत के शीर्ष नेतृत्व ने निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कोशिश की है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी हैं, नकारात्मकता का व्यूह मजबूत होता गया है, खुशी एवं प्रसन्न जीवन का लक्ष्य अधूरा ही रहा है, इनसे बाहर निकलना असंभव-सा होता जा रहा है। दूषित और दमघोंटू वातावरण में आदमी अपने आपको टूटा-टूटा-सा अनुभव कर रहा है। आर्थिक असंतुलन, बढ़ती महंगाई, बिगड़ी कानून व्यवस्था, चरमराते रिश्ते, जटिल होती जीवनशैली, बिगड़ता स्वास्थ्य, महामारियां एवं भ्रष्टाचार उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित कर रहा है। ऐसे जटिल हालातों में इंसान कैसे खुशहाल जीवन जी सकता है?

आधुनिक समाज व्यवस्था का यह कटु यथार्थ है कि भौतिक सुविधाओं तक पहुंच एक ठोस हकीकत है जिसे देखा, समझा और नापा जा सकता है। उन सुविधाओं की बदौलत किसको कितनी खुशी मिलती है या नहीं मिलती, यह व्यक्ति की अपनी बनावट, मन:स्थिति एवं सरकार की नीतियों पर निर्भर करता है। इसे कैसे नापा जाए और सरकारें इसे नीति निर्धारण का आधार बनाएं तो उन नीतियों की सफलता-असफलता का आकलन कैसे हो? हालांकि यह व्यक्ति के मनोजगत की बात है, फिर भी इसके कुछ सूत्र पंजाब यूनिवर्सिटी की स्टडी में मिलते हैं। जैसे, आधुनिक पारिवारिक संरचना को लें तो रिपोर्ट में पाया गया कि शादीशुदा लोगों के मुकाबले अविवाहित लोग खुद को ज्यादा खुश बताते हैं। इसका मतलब यह लगाया गया कि स्थिरता की बजाय जिम्मेदारियों के झंझट से बचे रहना खुशी का एक जरिया हो सकता है। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, सरकारी, पारिवारिक झंझट कम से कम हो, तभी वह खुशहाल हो सकेगा।

सवाल यह भी है कि आखिर वे कौन-सी जरूरतें या जिम्मेदारियां हैं जिनसे किसी को अपने जीवन की खुशी छिनती हुई जान पड़ती है। बच्चों की पढ़ाई की चिंता से मुक्ति एवं बीमार पड़ने पर किसी आर्थिक संकट में फंसे बगैर इलाज हो जाने का भरोसा ऐसे कारण हैं, जो आमजन की छिनती खुशी पर अंकुश लगा सकते हैं। बहरहाल, इस अध्ययन से इतना तो पता चलता ही है कि सरकारी नीतियों की दिशा ऐसी होनी चाहिए जो आम व्यक्ति को खुशी जीवन दे सके। जिसके लिये सरकार की सोच को एवं नीतियों में व्यापक बदलाव की जरूरत है, सरकार की नीतियों का लक्ष्य समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, सुरक्षा का भरोसा, सामाजिक सहयोग, कम-से-कम सरकारी औपचारिकताएं एवं झंझट, स्वतंत्रता और उदारता आदि होना चाहिए। लेकिन विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश हैं।

यहां प्रश्न यह भी है कि आखिर हम खुशी और प्रसन्नता के मामलें क्यों पीछे हैं, जबकि पिछले कुछ समय से भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। अनेक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संगठनों ने इस मामले में हमारी पीठ ठोकी है। यही नहीं, खुद संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास के क्षेत्र में भारतीय उपलब्धियों को रेखांकित किया है। बावजूद इसके, खुशहाली में हमारा मुकाम नीचे होना आश्चर्यकारी है। दरअसल पिछले तीन-चार दशकों में भारत में विकास प्रक्रिया अपने साथ हर मामले में बहुत ज्यादा विषमता लेकर आई है। जो पहले से समर्थ थे, वे इस प्रक्रिया में और ताकतवर हो गए हैं। यानी लखपति करोड़पति हो गए और करोड़पति अरबपति बन गए। एकदम साधारण आदमी का जीवन भी बदला है लेकिन कई तरह की नई समस्याएं उसके सामने आ खड़ी हुई हैं। नौकरी-रोजगार, अर्थव्यवस्था, महंगाई, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम, रुपया का अवमूल्यन, किसानों की दुर्दशा, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अपराध, शिक्षा, चिकित्सा, महामारियां ऐसे अनेक ज्वलंत मुद्दे हैं जिनका सामना करते हुए व्यक्ति निश्चित ही तनाव में आया है, उसकी खुशियां कम हुई हैं, जीवन में एक अंधेरा व्याप्त हुआ है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति खुशहाल नहीं हो सकता। एक महान विद्वान ने कहा था कि जब हम स्वार्थ से उठकर अपने समय को देखते हुए दूसरों के लिए कुछ करने को तैयार होते हैं तो हम सकारात्मक हो जाते हैं। सरकार एवं सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को निस्वार्थ होना जरूरी है। उनके निस्वार्थ होने पर ही आम आदमी के खुशहाली के रास्ते उद्घाटित हो सकते हैं।

खुशहाल भारत को निर्मित करने के लिये आइये! अतीत को हम सीख बनायें। उन भूलों को न दोहरायें जिनसे हमारी रचनाधर्मिता एवं खुशहाल जीवन जख्मी हुआ है। जो सबूत बनी हैं हमारे असफल प्रयत्नों की, अधकचरी योजनाओं की, जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों की, सही सोच और सही कर्म के अभाव में मिलने वाले अर्थहीन परिणामों की। एक सार्थक एवं सफल कोशिश करें खुशहाली को पहचानने की, पकड़ने की और पूर्णता से जी लेने की।

**-ललित गर्ग**

# सबको साथ नहीं रख सके अखिलेश, मुलायम अस्वस्थ क्या हुए पूरा समाजवादी परिवार ही बिखर गया

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पैतृक गांव सैफई में अपने आवास पर होली का मंच सजाया। वहीं, शिवपाल सिंह यादव ने सैफई में ही अपने एक स्कूल में मंच सजा कर होली मनाई। इस दौरान दोनों ही नेताओं के साथ होली मनाने वाले लोगों की भीड़ रही।तमाम गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने का त्यौहार होली इस बार मुलायम सिंह यादव कुनबे को करीब नहीं ला सका और परिवार के दो अहम सदस्यों सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव ने सोमवार को अलग-अलग मंचों से होली मनाई। ऐसे में जबकि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में अब एक साल से भी कम समय रह गया है तब भी समाजवादी परिवार में इस तरह का बिखराव बना रहना पार्टी की चुनावी संभावनाओं को बड़ा नुकसान पहुँचा सकता है। देखा जाये तो अखिलेश और शिवपाल के बीच मतभेद चरम स्तर पर पहुंचने पर भी यह परिवार हमेशा होली के मौके पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के सानिध्य में एकजुट नजर आता था, मगर इस बार नजारा बिल्कुल उलट था।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने पैतृक गांव सैफई में अपने आवास पर होली का मंच सजाया। वहीं, शिवपाल सिंह यादव ने सैफई में ही अपने एक स्कूल में मंच सजा कर होली मनाई। इस दौरान दोनों ही नेताओं के साथ होली मनाने वाले लोगों की भीड़ रही। दोनों ही कार्यक्रमों में परंपरागत लोकगीत, फाग गायन और लोक परंपराओं का प्रदर्शन हुआ लेकिन वह नहीं हो सका जिसका लोगों को इंतजार था। दोनों नेताओं के अलग-अलग मंच सजे रहे। एक ओर जहां शिवपाल अपने मंच पर अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे तो दूसरी ओर सपा के मुख्य महासचिव रामगोपाल यादव अखिलेश यादव के मंच पर फाग गाते नजर आए।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनके चाचा तथा तत्कालीन कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के बीच सरकार और पार्टी में वर्चस्व की जंग छिड़ गई थी जो 2017 के विधानसभा चुनाव आते-आते चरम पर पहुंच गई थी। शिवपाल सिंह यादव ने सपा में अपनी उपेक्षा किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया नाम से एक अलग दल बना लिया था। हालांकि तब भी होली के मौके पर पूरा परिवार एकजुट नजर आता था। लेकिन इस बार यह दूरी चर्चा का विषय बन गयी है।मुलायम सिंह यादव के आंगन में होली के जश्न के दौरान जहाँ अखिलेश यादव, रामगोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप यादव, अक्षय यादव, अभिषेक यादव, अनुराग यादव और कार्तिकेय दिखाई दिये वहीं शिवपाल अपने बेटे आदित्य और समर्थकों के साथ होली मनाते दिखे। अखिलेश यादव ने अपने पैतृक घर इटावा के सैफई में होली मनाने के लिए विशाल मंच बनवाया था। यहां प्रो. रामगोपाल यादव पहुंचे तो परिवार के सबसे बड़े सदस्य होने के नाते अखिलेश यादव ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं और परिवार के साथ फूलों की होली खेली, वहीं मंच पर रामगोपाल ने फागुन गीत गाया। अखिलेश ने समस्त जनता को होली की शुभकामनाएं दीं। सबसे बड़ी और खास बात तो यह रही कि इससे पहले हमेशा सपा प्रमुख अखिलेश यादव और महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव का संबोधन हुआ करता था लेकिन इस बार वह संबोधन नहीं हुआ।लंबे अरसे से अपने भतीजे अखिलेश यादव से वैचारिक मतभेद के चलते अलग पार्टी का गठन कर चुके शिवपाल सिंह यादव ने होली के मौके पर इस दफा एक नई इबारत लिख डाली है। उन्होंने अपने पिता सुधर सिंह के नाम पर स्थापित किए एस.एस. मेमोरियल स्कूल में होली का जश्न अपने समर्थकों के साथ मनाया। पंचायत चुनाव को लेकर जहां एक ओर शिवपाल सिंह यादव ने अपने भतीजे और निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव को एक बार फिर से जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने का आशीर्वाद दिया है ऐसे में शिवपाल सिंह यादव की मुलायम परिवार की होली से दूरी, कहीं न कहीं बड़ा संकेत माना जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल तक अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह होली के दौरान एक मंच पर थे और उस दौरान मुलायम भी मौजूद थे। लेकिन इस बार मुलायम सिंह की गैर-मौजूदगी में अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह का अलग-अलग होली मिलन हुआ।

-अजय कुमार

# भारत की विविधता भरी संस्कृति की पहचान का पर्व है

होलिकात्सव से मानव-जाति ने बहुत कुछ लाभ उठाया है। इस उत्सव में लोग एक-दूसरे को रंग से रंगकर मन की दूरियों को मिटाकर एक-दुसरे के नजदीक आते है। यह उत्सव जीवन में नया रंग लाने का उत्सव है। होली आनंद जगाने का उत्सव है, परस्पर देवो भव की भावना जगानेवाला उत्सव है।भारत संस्कृति में त्योहारों एवं उत्सवों का आदि काल से ही काफी महत्व रहा है। होली भी एक ऐसा ही त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है। इस अवसर पर रंग, गुलाल डालकर अपने इष्ट मित्रों, प्रियजनों को रंगीन माहौल से सराबोर करने की परम्परा है, जो वर्षों से चली आ रही है। एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है।

हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। यहां मनाये जाने वाले सभी त्योहारों के पीछे की भावना मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना होता है। यही कारण है कि भारत में मनाये जाने वाले त्योहारों एवं उत्सवों में सभी धर्मों के लोग आदर के साथ मिलजुल कर मनाते हैं। होली भारतीय संस्कृति की पहचान का एक पुनीत पर्व है । होली एक संकेत है वसंतोत्सव के रूप में ऋतु परिवर्तन का। एक अवसर है भेदभाव की भावना को भुलाकर पारम्परिक प्रेम और सदभावना प्रकट करने का। एक संदेश है जीवन में ईश्वरोपासना एवं प्रभुभक्ति बढ़ाने का।

होलिकात्सव से मानव-जाति ने बहुत कुछ लाभ उठाया है। इस उत्सव में लोग एक-दूसरे को रंग से रंगकर मन की दूरियों को मिटाकर एक-दुसरे के नजदीक आते है। यह उत्सव जीवन में नया रंग लाने का उत्सव है। होली आनंद जगाने का उत्सव है, परस्पर देवो भव की भावना जगानेवाला उत्सव है। विकारी भावों पर पर धुल डालने एवं निर्विकार नारायण का प्रेम जगाने का उत्सव है। होली मात्र लकड़ी के ढेर को जलने का त्यौहार नहीं है, यह तो चित्त की



दुर्बलताओं को दूर करने का, मन की मलिन वासनाओं को जलाने का पवित्र दिन है ।

होली का आगमन बसंत ऋतु की शुरुआत के करीब-करीब आस-पास होता है। लगभग यह वक्त है, जब शरद ऋतु को अलविदा कहा जाता है और उसका स्थान वसंत ऋतु ले लेती है। इन दिनों हल्की-हल्की बयारें चलने लगती है। यह मौसमी बदलाव व्यक्ति-व्यक्ति के मन में सहज प्रसन्नता, स्फूर्ति पैदा करता है। इससे सामाजिक समरसता के भाव भी वर्धमान बनते हैं। भारतीय लोक जीवन में होली की जड़ें काफी गहरी जम चुकी हैं।होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके।होली के त्यौहार के विषय में सर्वाधिक प्रसिद्ध कथा प्रह्लाद तथा होलिका के सम्बंध में भी है। नारदपुराण में बताया गया है कि हिरण्यकशिपु नामक राक्षस का पुत्र प्रह्लाद अनन्य हरि-भक्त था, जबकि स्वयं हिरण्यकशिपु नारायण को अपना परम-शत्रु मानता था। उसके राज्य में नारायण अथवा श्रीहरि नाम के उच्चारण पर भी कठोर दंड की व्यवस्था थी। अपने पुत्र को ही हरि-भक्त देखकर उसने कई बार चेतावनी दी, किंतु प्रह्लाद जैसा परम भक्त नित्य प्रभु-भक्ति में लीन रहता था। हारकर उसके पिता ने कई बार विभिन्न प्रकार के उपाय करके उसे मार डालना चाहा। किंतु, हर बार नारायण की कृपा से वह जीवित बच गया। हिरण्यकशिपु की बहिन होलिका को अग्नि में न जलने का वरदान प्राप्त था। अत: वह अपने भतीजे प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश कर गई। किंतु प्रभु-कृपा से प्रह्लाद सकुशल जीवित निकल आया और होलिका जलकर भस्म हो गई। होली का त्योहार असत्य पर सत्य की विजय और दुराचार पर सदाचार की विजय का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है।होली के पर्व की तरह इसकी परम्पराएं भी अत्यंत प्राचीन हैं और इसका स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलता रहा है। प्राचीन काल में यह विवाहित महिलाओं द्वारा परिवार की सुख समृद्धि के लिए मनाया जाता था और पूर्ण चंद्र की पूजा करने की परम्परा थी। वैदिक काल में इस पर्व को नवात्रैष्टि यज्ञ कहा जाता था। उस समय खेत के अधपके अन्न को यज्ञ में दान करके प्रसाद लेने का विधान समाज में व्याप्त था। अन्न को होला कहते हैं, इसी से इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चैत्र शुदी प्रतिपदा के दिन से नववर्ष का भी आरम्भ माना जाता है। इस उत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरम्भ होता है। अत: यह पर्व नवसंवत का आरम्भ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इसी दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म हुआ था, इस कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं।होली के उपलक्ष्य में अनेक सांस्कृतिक एवं लोक चेतना से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। महानगरीय संस्कृति में होली मिलन के आयोजनों ने होली को एक नया उल्लास एवं उमंग का रूप दिया है। इन आयोजनों में बहुत शालीन तरीके से गाने बजाने के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।चंदन का तिलक और ठंडाई के साथ सामूहिक भोज इस त्यौहार को गरिमामय छबि प्रदान करते हैं। देर रात तक चंग की धुंकार, घूमर, डांडिया नृत्य और विभिन्न क्षेत्रों की गायन मंडलियाँ अपने प्रदर्शन से रात बढने के साथ-साथ अपनी मस्ती और खुशी को बढ़ाते हैं। होली के पावन प्रसंग पर हमें इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा कि अपने मन, वाणी और व्यवहारों में अंतर्निहित आसुरी प्रवृत्तियों का परिष्कार करें एवं उसके स्थान पर पवित्रता की देवी को प्रतिष्ठित करें। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ायें दुःख, चिंताएं, द्वेष-भाव आदि जल जाएं तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली रंगों का त्योहार है, हंसी-ख़ुशी का त्यौहार है लेकिन आज होली के भी अनेक रूप देखने को मिलते हैं। प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, भंग-ठंडाई की जगह नशेबाजी और लोक-संगीत की जगह फिल्मी गानों का प्रचलन इसके कुछ आधुनिक रूप है। पहले जमाने में लोग टेसू और प्राकृतिक रंगों से होली खेलते थे। वर्तमान में अधिक से अधिक पैसा कमाने की होड़ में लोगों ने बाज़ार को रासायनिक रंगों से भर दिया है। वास्तव में रासायनिक रंग हमारी त्वचा के लिए काफी नुकसानदायक होते हैं। इन रासायनिक रंगों में मिले हुए सफेदा, वार्निश, पेंट, ग्रीस, तारकोल आदि की वजह से खुजली और एलर्जी होने की आशंका बढ़ जाती है इसलिए होली खेलने से पूर्व हमें बहुत सावधानियां बरतनी चाहिए। हमें चंदन, गुलाबजल, टेसू के फूलों से बना हुआ रंग तथा प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की परंपरा को बनाये रखते हुए प्राकृतिक रंगों की ओर लौटना चाहिए।

**- रमेश सर्राफ धमोरा**

# इतिहास में सबसे बड़ा होगा 2022 कतर विश्व कप : काफू



**नयी दिल्ली वार्ता।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर काफू के अनुसार कतर में आयोजित होने वाला 2022 विश्व कप इतिहास में अब तक के सबसे महान संस्करणों में से एक के रूप में दर्ज हो सकता है।

पूर्व राइट-बैक ब्राजील के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक है और उन्होंने 1994 और 2002 में अपनी कप्तानी में ब्राजील को विश्व कप जिताया था। एक खिलाड़ी के रूप में 2002 में दक्षिण कोरिया/जापान में एशिया के पहले विश्व कप का अनुभव रखने वाले काफू को लगता है कि अगले साल महाद्वीप का दूसरा विश्व कप ऐतिहासिक होगा। उन्होंने विशेष रूप से मेजबान कतर की प्रशंसा की और विश्व कप के लिए स्टेडियम निर्माण और सुविधाओं के मामले में उनके द्वारा की गई प्रगति की ओर इशारा किया।

कतर विरासत के एम्बेसडर ने कतर की सर्वोच्चसमिति से कहा , महामारी से पहले मेरी पिछली यात्रा के बाद से कतर बहुत बदल गया है। हर साल देश इतनी तेज गति से आगे बढ़ता है कि यह एक नए शहर या देश का दौरा करने जैसा है। बुनियादी ढांचा (विश्व कप के लिए) अब 95 प्रतिशत पूरा हो गया है। ऐसे में वह अगले साल के विश्व कप के लिए लगभग तैयार हैं और मुझे विश्वास है कि यह इतिहास में सबसे महान विश्व कप में से एक होगा।

काफू ने लाह।,जिस तरह से कतर ने यह सुनिश्चित करने के लिए खुद को समर्पित किया है कि यह एक अद्भुत टूर्नामेंट है, मैं बहुत प्रभावित हूं।51 वर्षीय न केवल सुविधाओं से बल्कि इस तथ्य से भी प्रभावित थे कि 2022 विश्व कप के लिए सभी आठ आयोजन स्थल एक दूसरे से एक घंटे की दूरी के भीतर स्थित हैं। काफू को लगता है कि यह खिलाड़ियों और प्रशंसकों दोनों के लिए गेम-चेंजर साबित होगा।

उन्होंने कहा, कतर 2022 में आपके पास एक छोटे से क्षेत्र में एक संपूर्ण विश्व कप होगा। किन्हीं दो स्थानों के बीच यात्रा करने के लिए आपके पास सभी स्थान, पंखे क्षेत्र और सुविधाएं एक ही स्थान पर होंगी। उदाहरण के लिए स्टेडियमों के बीच सबसे लंबी दूरी सिर्फ 75 किमी है, इसलिए प्रशंसक एक ही दिन में दो या शायद तीन लाइव मैच भी देख सकते है। यह प्रशंसकों के लिए अद्भुत है, लेकिन यह खिलाड़ियों के लिए भी बहुत अच्छा है। कम यात्रा के साथ खिलाड़ी उतने थके हुए नहीं होंगे क्योंकि उन्हें खेलों के बीच अधिक आराम मिल सकता है, जिससे उम्मीद है कि मैदान पर बेहतर प्रदर्शन और कम चोटों का परिणाम होगा।

काफू ने कहा, हमने दो विश्व कप स्टेडियमों के बीच सबसे लंबी दूरी तय की - अल जानूब से अल बेयत तक - रास्ते में सभी खूबसूरत जगहों देखते हुए। इस यात्रा में हमें कुल मिलाकर एक घंटे से अधिक का समय लगा, जिसने वास्तव में मेरा इस बात की ओर ध्यान आकर्षित किया कि विश्व कप कितना कॉम्पैक्ट होगा। विश्व कप के लिए कतर में सभी प्रशंसक और हर कोई शुरू से अंत तक खेल का हिस्सा होगा और इससे वहां एक विशेष माहौल तैयार होगा।

काफू ने यह भी महसूस किया कि कतर में ब्राजील बेहतर प्रदर्शन कर सकता है और नेमार के नेतृत्व वाली एक प्रतिभाशाली टीम उनके द्वारा जीते विश्व कप के 20 साल बाद फिर से चैंपियन बन सकती है।

उन्होंने कहा,ब्राजील हमेशा विश्व मंच पर एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी टीम होगी क्योंकि एक देश के रूप में हम फुटबॉल से प्यार करते हैं और हमेशा प्रतिभाशाली खिलाड़ी पैदा करते हैं। ब्राजील की मौजूदा टीम को शानदार खेलों और शानदार परिणामों की लंबी श्रृंखला की जरूरत है और मुझे लगता है कि इससे एक बार फिर बड़ी उपलब्धियां हासिल होंगी।

## इंग्लैंड ने पांच विकेट की जीत से श्रीलंका पर बनायी बढ़त



**चेस्टर ली स्ट्रीटवार्ता।** तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स (18 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी और जो रुट की नाबाद 79 रन की बेहतरीन पारी से इंग्लैंड ने श्रीलंका को पहले वनडे में मंगलवार को पांच विकेट से पराजित कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।सलामी बल्लेबाज और कप्तान कुशल परेरा (73) और वनिंदू हसारंगा (54) के शानदार अर्धशतकों के बावजूद श्रीलंका की टीम 43.3 ओवर में 185 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड की तरफ से वोक्स ने 18 रन पर चार विकेट और डेविड विली ने 44 रन पर तीन विकेट हासिल किये।इंग्लैंड ने 34.5 ओवर में पांच विकेट पर 189 रन बनाकर आसान जीत अपने नाम कर ली। रुट ने 87 गेंदों पर नाबाद 79 रन की धैर्यपूर्ण मैच विजयी पारी में चार चौके लगाए। वोक्स को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ यह लगातार चौथी जीत है। इंग्लैंड ने इससे पहले श्रीलंका से तीन मैचों की टी-20 सीरीज 3-0 से जीती थी।इंग्लैंड आईसीसी वर्ल्ड कप सुपर लीग में 10 मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह तालिका में बंगलादेश को दूसरे स्थान पर छोड़कर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। इंग्लैंड और बंगलादेश के एक बराबर 50-50 अंक हैं लेकिन इंग्लैंड बेहतर रन औसत के आधार पर अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया है

## पीसीबी के अध्यक्ष बने रहेंगे एहसान मनी

### इससे पहले 2018 में तीन साल के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुने गए थे



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के संरक्षक इमरान खान, पीसीबी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में एक और कार्यकाल के लिए एहसान मनी और असद अली खान को फिर से नामित करने के लिए तैयार हैं। कार्यकाल विस्तार का मतलब है कि मनी इस वर्ष अगस्त तक फिर से चुनाव की औपचारिकता के अधीन पीसीबी अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। वह इससे पहले 2018 में तीन साल के कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुने गए थे।

दरअसल मनी ने 21 जून को इमरान से प्रधानमंत्री आवास पर मुलाकात की थी, जहां इमरान ने मनी को यह भूमिका निभाने के लिए अपना समर्थन दिया। मनी का पहला कार्यकाल अगस्त में समाप्त होगा, लेकिन पीसीबी के संविधान के मुताबिक बोर्ड के नौ सदस्यों में से कोई भी चुनाव के लिए तैयार हो सकता है, जब तक किसी औहदेदार का अध्यक्ष के रूप में कुल कार्यकाल किसी भी मामले में छह साल से अधिक न हो। असल में सभी नौ मौजूदा बोर्ड सदस्य चुनाव लड़ने के लिए पात्र हैं।

यह ऐतिहासिक है कि प्रधानमंत्री द्वारा सीधे नामित दो व्यक्तियों में से केवल एक ही पीसीबी अध्यक्ष बना है। मनी पहले इस पद के लिए अपना नामांकन पत्र जमा करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उन्हें पीसीबी का नेतृत्व करने के लिए वोट दिया था। मणि ने नजम सेठी की जगह ली थी, जिन्होंने संघीय सरकार में इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सत्ता में आने पर इस्तीफा दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन वर्षों में मनी ने पीसीबी के कामकाज में सुधार किया है, जिसमें से एक कॉर्पोरेट प्रशासन की प्रथाओं के अनुरूप बोर्ड के संविधान-निर्माण को फिर से तैयार करना है। 2019 तक पीसीबी अध्यक्षों के पास बोर्ड के अधिकारियों के रूप में कार्य करने का अधिकार था और वे उस नीति को लागू कर सकते थे जिसे उन्होंने स्वयं प्रस्तावित किया था। तब से अध्यक्ष की शक्ति को कम करके और एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी के

## आगामी दौरों में शामिल न होने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की आईपीएल में वापसी को उचित ठहराना मुश्किल : फिंच

**मेलबोर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवर क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि सितंबर में फिर से शुरू होने पर आईपीएल में उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की वापसी को उचित ठहराना मुश्किल होगा जो विभिन्न कारणों के चलते आगामी वेस्ट इंडीज और बंगलादेश के दौरों में शामिल नहीं हो रहे हैं।

उन्होंने यहां शुक्रवार को पुष्टि की कि डेविड वार्नर और पैट कमिंस को इन दौरों से आराम देना लंबी अवधि की योजना का हिस्सा था, लेकिन अब वे ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, केन रिचर्डसन और झाई रिचर्डसन की तरह घर पर रहना चाहते हैं। वहीं आईपीएल शुरू होने से कुछ समय पहले भारत में कोरोना संक्रमित पाए गए ऑल राउंडर डेनियल सैम्स ने पहले ही खुद का नाम चयन से बाहर ले लिया था, जबकि स्टीवन स्मिथ कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए हैं।

फिंच ने कहा कि वह उस मानसिक पीड़ा को समझते हैं जिससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को आईपीएल स्थगित होने के बाद जूझना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया की सीमा बंद होने के कारण उन्हें घर वापसी के लिए काफी मुश्किलें आईं थी। इस पर ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयनकर्ता ट्रेवर होन्स ने पिछले हफ्ते कहा था कि खिलाड़ियों को साल के अंत में राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता से लेना होगा।

फिंच ने सेन डब्ल्यूए पर एडम गिलक्रिस्ट से बात करते हुए कहा, यह केवल मेरी निजी राय है। मुझे लगता है कि उनके वापस जाने और आईपीएल के दूसरे हाफ में खेलने को उचित ठहराना मुश्किल होगा, जो टी-20 विश्व कप के साथ आने वाले कार्यभार पर आधारित है। यह एक मुश्किल स्थिति है, जिसमें सभी को रखा गया है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे यह मुश्किल लगेगा यह जानते हुए कि यह मानसिक रूप से और आपके परिवार के लिए कितना चुनौतीपूर्ण है।

## दक्षिण अफ्रीका ने एक रन की रोमांचक जीत से सीरीज में बनायी बढ़त



**सेंट जॉर्ज,वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने सांसों को रोक देने वाले बेहद रोमांचक मुकाबले में वेस्ट इंडीज को मंगलवार को मात्र एक रन से पराजित कर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली।दक्षिण अफ्रीका ने ओपनर क्विंटन डी कॉक की 72 रन की आक्रामक पारी से 20 ओवर में आठ विकेट पर 167 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विंडीज की तरफ से ओबेद मैककॉय ने 22 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए जबकि ड्वेन ब्रावो ने 25 रन पर तीन विकेट हासिल किये।

विंडीज की टीम काफी कोशिश के बाद 20 ओवरों में सात विकेट पर 166 रन पर पहुंच पायी। फाबियन एलेन ने कैगिसो रबादा की पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जमाया लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। ओपनर एवं लुइस और निकोलस पूरन ने 27-27 रन बनाये। एलेन ने अपनी नाबाद 14 रन की पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। आंद्रे रसेल ने 16 गेंदों में तीन छक्कों के सहारे 25 रन बनाये।दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज तबरेज शम्सी को चार ओवर में मात्र 13 रन देकर दो विकेट की शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## बीसीबी ने शबीर और सुल्तान पर नस्लीय टिप्पणी के लिए लगाया जुर्माना




**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने लीजेंड्स ऑफ रूपगंज क्रिकेटर शब्बीर रहमान और शेख जमाल धनमंडी क्लब के मैनेजर सुल्तान महमूद पर गुरुवार को डीपीएल (ढाका प्रीमियर लीग) मुकाबले के दौरान नस्लीय टिप्पणी करने के लिए 50 हजार बंगलादेशी टके का जुर्माना लगाया है।दरअसल शेख जमाल ने बुधवार को ढाका में विभिन्न क्लब आधारित टूर्नामेंटों का आयोजन करने वाली बीसीबी विंग ढाका महानगर क्रिकेट समिति (सीसीडीएम) को एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें शब्बीर के खिलाफ उनके खिलाड़ी इलायस सनी के प्रति नस्लीय टिप्पणी की बात कही गई थी।

बीसीबी ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि सीसीडीएम की तकनीकी समिति ने आज इस मामले में शामिल खिलाड़ियों, क्लब अधिकारी और मैच अधिकारियों के साथ वर्चुअल सुनवाई की और शब्बीर और सुल्तान पर जुर्माना लगाने का फैसला किया। साथ ही इलायस को चेतावनी भी जारी की।बीसीबी के मुताबिक शब्बीर पर बंगलादेश क्रीड़ा शिखा प्रतिष्ठान (बीकेएसपी) 3 में ओल्ड डीओएचएस क्लब के खिलाफ मैच के दौरान इलायस की ओर बिना किसी कारण के मैदान के बाहर से ईंटें फेंकने और उनके प्रति अभद्र और नस्लीय भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था।

समझा जाता है कि शब्बीर के विवादों में आना कोई नई बात नहीं है। हाल ही में उन्हें सोशल मीडिया पर एक प्रशंसक को गाली देने के लिए छह महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। शब्बीर ने 2018 में प्रथम श्रेणी मैच के दौरान एक प्रशंसक की पिटाई के लिए अपना राष्ट्रीय अनुबंध भी खो दिया था। इसके अलावा 2015 में उनका बीपीएल वेतन का आधा हिस्सा भी काटा गया था। उन पर टीम होटल में अनुशासन में रहने का भी आरोप लगा था।

## फेडरर, बार्टी और ज्वेरेव दूसरे दौर में



**लंदन,वार्ता।** पूर्व नंबर एक और 20 ग्रैंड स्लेम खिताबों के विजेता स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी और शीर्ष वरीय ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी और पुरुषों में चौथी सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को अपने अपने मुकाबले जीतकर वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बना ली।

यहां आठ बार के विजेता रहे छठी वरीयता प्राप्त फेडरर के खिलाफ फ्रांस के एड्रियन मेनेरिनो ने पांचवें और निर्णायक सेट में पहला अंक गंवाने के बाद घुटने की चोट के कारण मैच छोड़ देने का फैसला किया। फेडरर उस समय 6-4,6-7, 3-6 6-2 से मैच में 2-2 की बराबरी पर थे। उन्होंने निर्णाटक सेट में पहला अंक एस मारकर लिया लेकिन मेनेरिनो ने उसके बाद मैच छोड़ने का फैसला किया। फेडरर ने यह मुकाबला दो घंटे 44 मिनट में जीता।

टॉप सीड बार्टी ने स्पेन की कार्ला सुआरेज नवारो को एक घंटे 44 मिनट तक चले मुकाबले में तीन सेटों में 6-1, 6-7, 6-1 से पराजित किया। 2019 में चौथे दौर तक पहुंची नवारो 2015 के बाद पहली बार पहले दौर में बाहर हुई हैं। उन्होंने दूसरे दूसरे सेट में ही कुछ संघर्ष किया और इसे टाई ब्रेक में 7-1 से जीता लेकिन निर्णायक सेट में वह बार्टी की श्रेष्ठता के आगे कुछ नहीं कर पायीं।

पुरुष वर्ग में ज्वेरेव ने हॉलैंड के क्वालीफायर तालों गरिकसपुर को एकतरफा अंदाज में 6-3 6-4 6-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। ज्वेरेव पिछले दो अवसरों पर यहां क्वालीफायर से मात खा गए थे लेकिन इस बार उन्होंने अपना दमखम दिखाया और दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। ज्वेरेव ने मैच में 20 एस लगाए और छह बार गरिकसपुर की सर्विस तोड़ी।

इस बीच पांच बार की चैंपियन और पूर्व नंबर एक अमेरिका की वीनस विलियम्स ने 23वीं बार इस टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड के रूप में खेलते हुए रोमानिया की मिहेला बुजारनेस्कू को 7-5 4-6 6-3 से हराकर दूसरे दौर में स्थान बना लिया।

## सीमा अंतिल ने दो दशक पुराना रिकॉर्ड तोड़ हासिल किया ओलम्पिक टिकट



**पटियाला,वार्ता।** उत्तर प्रदेश की डिसकस थ्रोअर सीमा अंतिल ने 60वीं राष्ट्रीय अंतर्राजीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के आखिरी दिन मंगलवार को 63.72 मीटर की थ्रो के साथ दो दशक पुराना रिकॉर्ड तोड़कर टोक्यो ओलम्पिक का टिकट हासिल कर लिया ।सीमा इसके साथ ही टोक्यो के लिए क्वालीफाई करने वाली 12वीं व्यक्तिगत भारतीय एथलीट बन गयी। ।सीमा प्रतियोगिता में हिस्सा लेने बेलारूस से पटियाला 27 जून के तड़के ही पहुंची थी और अपनी पांच वैध थ्रो में से चौथी थ्रो पर उन्होंने यह मार्क हासिल कर लिया। सीमा ने अपने तीसरे प्रयास में 63.18 मीटर तक डिस्कस फेंका था और वह 63.50 मीटर के ओलम्पिक क्वालिफाइंग मार्क के करीब थीं उनका तीसरा प्रयास नया मीट रिकॉर्ड बना गया लेकिन उनके चौथे प्रयास में इतनी ताकत थी कि उन्होंने ओलम्पिक मार्क पार कर लिया।सीमा 2018 के एशियाई खेलों के बाद अपनी तीसरी प्रतियोगिता में ही हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने यहां मार्च में हुए फेडरेशन कप में 62.64 मीटर तक चक्का फेंका था और 25 जून को मिन्स्क में 58.62 मीटर की दूरी ही पकड़ पायी थीं। उन्होंने अपने चौथे ओलम्पिक खेलों का टिकट यहां अपने चौथे प्रयास में हासिल कर लिया।

## टोक्यो ओलंपिक 2020 में दिखेगी 'देवनागरी'

**नयी दिल्लीवार्ता।** हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के लिए इस्तेमाल होने वाली देवनागरी लिपि ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार 'टोक्यो ओलंपिक 2020' में दिखेगी।

नागरी लिपि परिषद के महासचिव डा. हरिसिंह पाल ने यहां बताया कि टोक्यो ओलंपिक 2020 में कार्यकर्ताओं के लिए इस्तेमाल होने वाले बिल्ले पर जापानी भाषा समेत दुनिया की कई भाषाओं में 'स्वयंसेवक' लिखा हुआ है। इस पर देवनागरी लिपि में 'स्वयंसेवक' लिखा है। इस बिल्ले पर जापानी और हिन्दी के अलावा अंग्रेजी, रुसी, चीनी भाषा की लिपियों में लिखा है।

डा. पाल ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में हिन्दी और देवनागरी लिपि का इस्तेमाल करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ओलंपिक के इतिहास में पहली बार देवनागरी का उपयोग हो रहा है। प्रत्येक भारतीय को इस पर गर्व का अनुभव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिन्दी और देवनागरी लिपि के वैश्विक विकास के लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। देवनागरी लिपि का उपयोग संस्कृत, नेपाली, मराठी, गुजराती, मैथिली और अवधी तथा अन्य भाषाओं के लिए होता है।

## डीपीएल क्लब लीजेंड्स ऑफ रूपगंज की मैच स्थल को बदलने की मांग

**ढाका, वार्ता।** ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्लब लीजेंड्स ऑफ रूपगंज ने ढाका महानगर क्रिकेट समिति (सीसीडीएम) से अपने मैच स्थल को बदलने और ओल्ड डीओएचएस के खिलाफ अपने निर्णायक लीग मैच के दौरान अंपायरिंग सुविधाओं को बढ़ाने का आग्रह किया है।सीसीडीएम के अध्यक्ष को शुक्रवार को लिखे पत्र में क्लब ने कहा कि वह चाहता है कि सीसीडीएम पुराने डीओएचएस के खिलाफ बंगलादेश क्रीड़ा शिखा प्रतिष्ठान (बीकेएसपी) 3 के बजाय ढाका के शेर-ए-बंगला नेशनल स्टेडियम में उनके मैच की मेजबानी करे, क्योंकि उस दिन यहां कोई सुपर लीग मैच नहीं हैं।

लीजेंड्स ऑफ रूपगंज ने मैच के लिए आईसीसी पैनल के अंपायरों और रेफरी और मैच में डीआरएस सुविधा का भी आग्रह किया है। इस निर्णायक मैच के बाद एक टीम को डीपीएल से हटा दिया जाएगा। पहले चरण से केवल एक अंक प्राप्त कर पाने वाले पार्टेक्स स्पोर्टिंग क्लब को पहले ही हटा दिया गया है, जबकि रूपगंज और ओल्ड डीओएचएस ने पहले चरण के बाद क्रमश: सात और छह अंक अर्जित किए हैं।

## चोट के कारण डीपीएल से बाहर हुए तस्कीन अहमद

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के अगले चरण में नहीं खेलेंगे। वह बाएं अंगूठे में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चिकित्सक ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है।

बीसीबी के मुख्य चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने बताया कि डीपीएल में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब का प्रतिनिधित्व कर रहे तस्कीन को अपनी टीम के खेलघर कल्यान समिति के खिलाफ आखिरी लीग मैच के दौरान सीमा रेखा पर क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई थी और जिसके बाद उन्हें कुछ टांके लगाने पड़े थे। उन्होंने एक बयान में कहा, कट एक इंच गहरा था, इसलिए उन्हें कुछ टांके लगाने की जरूरत थी। उन्हें अपना रिहैबिलिटेशन शुरू करने से पहले कम से कम सात दिन तक आराम करने की जरूरत होगी। दरअसल उन्हें पहले एक अंतरराष्ट्रीय सीरीज के दौरान चोट लगी थी और डीपीएल मैच के दौरान उन्हें फिर से उसी जगह पर चोट लग गई।

उल्लेखनीय है कि ग्रुप चरण में मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के प्रमुख विकेट टेकर गेंदबाज थे। उन्होंने लीग मुकाबलों में 10 विकेट लिए हैं।

## टोक्यो ओलंपिक आयोजकों ने एथलीटों के साथ आने वाले अधिकारियों की संख्या घटाकर 41 हजार की

**टोक्यो, वार्ता।** टोक्यो में समर ओलंपिक एवं पैरालंपिक खेलों की आयोजन समिति ने विदेशी एथलीटों के साथ आने वाले अधिकारियों की संख्या को 41 हजार तक सीमित करने का फैसला लिया है, जो प्रारंभिक संख्या की एक तिहाई है। ओलंपिक खेलों के मुख्य संचालन केंद्र हिदेमासा नाकामुरा के प्रमुख ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।आयोजन समिति ने मई में कहा था कि शुरू में योजनाबद्ध 141000 के बजाय 59 हजार विदेशी अधिकारियों और कर्मचारियों को खेल आयोजन में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

नाकामुरा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, एथलीटों के साथ आने वालों के लिए हमने पुनर्गणना की और 41 हजार की संख्या तय की। यह मूल योजना का एक तिहाई है। वहीं एथलीटों की संख्या पहले की तरह 19 हजार रहेगी।

उल्लेखनीय है कि टोक्यो में समर ओलंपिक खेल पहले 2020 में आयोजित होने थे, लेकिन पिछले साल कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण इन्हें एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब ये 23 जुलाई से आठ अगस्त तक आयोजित होने हैं। खेलों का आयोजन विदेशी दर्शकों के बिना आयोजन किया जाएगा, जबकि घरेलू दर्शकों पर इस महीने फैसला होने की उम्मीद है।

## आईओए को मिला एक और प्रायोजक

**नयी दिल्ली, वार्ता।** भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) को आगामी टोक्यो ओलम्पिक के लिए जेएसडब्लू ग्रुप के रूप में एक और प्रायोजक मिल गया है।आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने शुक्र्रार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जेएसडब्लू के सीईओ पार्थ जिंदल ने पुष्टि की है कि वह टोक्यो ओलम्पिक में आईओए का प्रायोजक होगा और उसकी प्रायोजन राशि एक करोड़ रुपये की होगी।

## ओलिम्पिक के लिए अमृतसर जिले के पांच खिलाडियों का चयन-डीसी

**अमृतसर, वार्ता।** टोक्यो में शुरू हो रहे टोक्यो ओलिम्पिक खेलों के लिए जिला अमृतसर के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिनमें एक महिला भी शामिल है।अतिरिक्त जिला उपायुक्त रणबीर सिंह मूधल ने शुक्रवार को बताया कि हॉकी के लिए पांच खिलाड़ियों का चुनाव हुआ है जिनमें गुरजंत सिंह, दिलप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, शमशेर सिंह और गुरजीत कौर शामिल हैं।पंजाब के खेल मंत्री ने राणा गुरमीत सिंह सोढी ने टोक्यो जा रहे पंजाब के खिलाड़ियों को जरूरी सामान खरीदने के लिए पांच पांच लाख रूपये दिए। उन्होने कहा कि पंजाब को पूरी उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी बड़ी संख्या में पदक जीत कर घर लौटेंगे। उन्होने बताया कि ओलिम्पिक में भारत की ओर से लगभग 190 सदस्यीय दल भाग लेगा, जिसमें से 100 एथलीट पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। इनमें 56 पुरुष और 44 महिलाएं हैं।

## जापानी स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दी दर्शकों के बिना टोक्यो ओलंपिक आयोजित करने की सलाह

**टोक्यो, वार्ता।** कोरोना वायरस महामारी पर जापान के विशेषज्ञ पैनल ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी टोक्यो में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का आयोजन दर्शकों के बिना करना बेहतर होगा।क्योडो ने बताया कि आयोजन समिति को सौंपी गयी एक रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने कहा, बिना दर्शकों के खेल आयोजित करने से स्टेडियम में संक्रमण का खतरा कम से कम हो जाता है और यह खेलों के आयोजन का बेहतर तरीका है।विशेषज्ञों की यह राय हालांकि सरकार की इच्छा के विपरीत है, जो वर्तमान में खेल आयोजन में दर्शकों की संख्या को 10 हजार लोगों या स्टेडियम की क्षमता का 50 फीसदी निर्धारित करने पर विचार कर रही है।टोक्यो में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक पहले 2020 में आयोजित होने वाला था लेकिन कोरोना वायरस महामारी के बीच पिछले साल इसे स्थगित कर दिया गया था। खेलों का आयोजन इस गर्मी में 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाला है।

## दक्षिण भारतीय फिल्म में विलेन का किरदार निभायेंगे बॉबी देओल!



**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल दक्षिण भारतीय फिल्म में विलेन का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।वेब सीरीज फिल्म आश्रम में बॉबी देओल को नेगेटिव किरदार में काफी पसंद किया गया है। अब चर्चा है कि दक्षिण भारत की एक फिल्म के लिए बॉबी देओल से संपर्क किया गया है। इस फिल्म में बॉबी दक्षिण भारत के एक सुपरस्टार को ऑपोजिट विलन बनने वाले हैं।बताया जा रहा है कि यह फिल्म बड़े स्केल पर बनाई जानी है और इसमें दक्षिण भारत के एक बहुत बड़े स्टार लीड रोल में होने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस किरदार के लिए बॉबी देओल स्क्रिप्ट में कुछ बदलाव चाहते हैं। बॉबी की डिमांड है कि उनका किरदार भी हीरो के किरदार के जितना पावरफुल होना चाहिए। फिल्म के मेकर्स भी इस बात के लिए राजी हो गए हैं।

## पत्रकार का किरदार निभायेंगे मनोज वाजपेयी



**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी सिल्वर स्क्रीन पर पत्रकार का किरदार निभाते नजर आयेंगे।मनोज वाजपेयी एक इनवेस्टिगेटिव थ्रिलर में काम करने जा रहे हैं। फिल्म डिस्पैच में मनोज वाजपेयी क्राइम बीट को कवर करने वाले पत्रकार की भूमिका निभाएंगे। डिस्पैच को कनु बहल करेंगे निर्देशित करेंगे। मनोज वाजपेयी ने सोशल मीडिया पर कहा, डैस्पैच के माध्यम से क्राइम जर्नलिज्म की दुनिया में प्रवेश। इसे डिजिटल रिलीज किया जाएगा।मनोज वाजपेयी ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मैं उन कहानियों का हिस्सा बनना चाहता हूं, जिन्हें मैं बताना चाहता हूं और जिन्हें बताया जाना चाहिए। डिस्पैच एक ऐसी फिल्म है। डिजिटल युग के साथ, हमारी कहानियां अब दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंच सकती है और देखी जा सकती हैं। मुझे विश्वास है कि इस फिल्म में कई कलाकार होंगे, क्योंकि यह हमारे समय के लिए प्रासंगिक है। मैं कनु बहल के साथ सहयोग करना चाह रहा हूं जो बदलते समय के साथ अच्छी तरह से वाकिफ हैं और उनका कहानी कहने के अपने शिल्प पर पूरा नियंत्रण है।

## सर्कस के लिये रणवीर ने ली 50 करोड़ की फीस!



**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म सर्कस के लिये 50 करोड़ की फीस ली है।रोहित शेट्टी ने रणवीर सिंह को लेकर सुपरहिट फिल्म सिंबा बनायी थी। रोहित अब रणवीर को लेकर फिल्म सर्कस बनाने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि रोहित शेट्टी की यह फिल्म विलियम शेक्सपियर के प्ले द कॉमेडी ऑफ एरर्स पर आधारित होगी। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह ने इस फिल्म के लिए लगभग 50 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह की सर्कस की शूटिंग लगभग 75 दिनों तक चलने वाली है। फिल्म को 60 के दशक में सेट किया गया है और लगभग पूरी फिल्म को स्टूडियो में ही शूट किया जा रहा है।

## रामायण में राम-सीता की भूमिका में ऋतिक-दीपिका!



**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी फिल्म रामायण में राम–सीता की जोड़ी में नजर आ सकती है।बॉलीवुड में चर्चा है कि फिल्मकार मधु मेंटाना रामायण पर भव्य फिल्म बनाने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि मधु मेंटाना ने रामायण पर 300 करोड़ रुपये की फिल्म बनाने का फैसला किया है। हालांकि उनका तरीका सबसे अलग होने वाला है क्योंकि वह 3डी रामायण बनाने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। यदि सबकुछ सही रहा तो इन दोनों कलाकारों को दर्शक जल्द ही राम–सीता के किरदार में देखेंगे।मधु मेंटाना ने कुछ रिसर्च स्कॉलर्स को रामायण पर रिसर्च करने का काम दिया है, जो फिल्म की स्क्रिप्ट बनाने में मदद करेंगे। मधु मेंटाना रामायण को दो भागों में रिलीज करने की सोच रहे हैं। यह बहुत बड़ा महाकाव्य है, जिसे एक फिल्म में समेटना आसान नहीं है, जिस कारण मधु ने दो भागों में रामायण की कहानी को पर्दे पर पेश करने का फैसला किया है।



# इंदिरा गांधी का किरदार निभायेगी कंगना रनौत

**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत सिल्वर स्क्रीन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आयेंगी।

कंगना रनौत ने मणिकर्णिका में झांसी की रानी का किरदार निभाकर लोगों का दिल जीत लिया था। हाल ही में उन्होंने अपनी फिल्म थलाइवी की शूटिंग खत्म की है, जिसमें वो जयललिता का किरदार निभाएंगी। कंगना ने अब अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है, जिसमें वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी।कंगना ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अपनी पॉलिटिकल ड्रामा फ़िल्म का ऐलान किया है। अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं प्रिय दोस्त साईं कबीर की घोषणा करके बहुत खुश हूं और मणिकर्णिका फिल्म्स निर्मित मैं एक राजनीतिक ड्रामा में सहयोग कर रही हूं।

बताया जा रहा है कि यह इंदिरा की बायोपिक फिल्म नहीं होगी। एक पीरियड फ़िल्म है, जिसके ज़रिए देश के सामाजिक और राजनैतिक परिदृश्य पर टिप्पणी की जाएगी। कंगना के अलावा इस फिल्म में कई दिग्गज स्टार्स शामिल होंगे। कंगना ने बताया कि वो भारतीय राजनैतिक इतिहास की आइकॉनिक लीडर के किरदार को निभाने के लिए काफी उत्साहित हैं।कंगना ने ट्विटर पर इंदिरा गांधी की तीन तस्वीरें भी शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने मशहूर लेखक खुशवंत सिंह की पंक्तियां लिखीं है, जो इंदिरा के बारे में कही गयी थीं, वो बहुत ख़ूबसूरत थीं। लड़की टाइप सुंदर नहीं थी। उनका चेहरा ऐसा था, जैसे राजा के इशारे से पहले ही सारी तलवारें खींच ली गयी हों।

## प्रभास को लेकर फिल्म बनायेंगे सिद्धार्थ आनंद



**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड निर्देशक सिद्धार्थ आनंद दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास को लेकर फिल्म बनाना चाहते हैं।सिद्धार्थ आनंद ने ऋतिक रोशन के साथ वॉर, बैंग बैंग जैसी एक्शन थ्रिलर फिल्में बनाई हैं। सिद्धार्थ आनंद अब प्रभास के साथ भी एक्शन थ्रिलर फिल्म बनाना चाहते हैं।इस फिल्म को लेकर वह हैदराबाद जाकर प्रभास से मुलाकात भी कर चुके हैं। जब उन्होंने अपनी फिल्म को लेकर प्रभास से बातचीत की तो प्रभास को सिद्धार्थ के विचार पसंद आए। साथ ही उन्होंने सिद्धार्थ से पटकथा को अंतिम रूप देने के बाद एक मुलाकात करने की बात कही।सिद्धार्थ इन दिनों शाहरुख खान के साथ फिल्म पठान की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की भी मुख्य भूमिका है। फिल्म पठान को खत्म करने के बाद सिद्धार्थ के पास एक और घोषित फिल्म फाइटर मौजूद है जिसकी तैयारी वह इस साल सितंबर के आसपास से शुरू करेंगे। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी होगी। इस फिल्म की शूटिंग सिद्धार्थ दिसंबर के आसपास से शुरू कर देंगे।

## प्रिया मल्लिक का नया भजन जय हो खाटू श्याम की किया रिलीज

**मुंबई वार्ता।** आध्यात्मिक गायन रियलिटी शो ओम शांति ओम फेम प्रिया मल्लिक का नया भजन जय हो खाटू श्याम की रिलीज हो गया है।जय हो खाटू श्याम की अथ भक्ति यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हुआ है। और साथ ही यह 84 अन्य म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध होगा।पंकज नारायण और अथ भक्ति प्रस्तुत, 'जय हो खाटू श्याम की ' को साजन अग्रवाल ने लिखा है और मनोज संतोषी ने संगीतबद्ध किया है, जिन्होंने टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले कॉमेडी शो %भाभी जी घर पर है को भी लिखा है। भजन के निर्माता अपूर्वा बजाज और राजेश मस्करा है।प्रिया मल्लिक ने बताया, मैं पहले भी बिहारी लोक भजन गाती थी और यह मेरा तीसरा हिंदी भजन है जिसे मैंने सोलो गाया है।इससे पहले, मैंने भजन सम्राट अनूप जलोटा जी के साथ भगवान राम पर एक भजन गाया था और एक भगवान श्री कृष्ण का भजन जैजिम शर्मा के साथ गाया था। खाटू श्याम बाबा आधुनिक काल के एक बहुत प्रसिद्ध देवता हैं जिनका मंदिर भारत के राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है।संगीतकार मनोज संतोषी ने कहा, मेरे पास टेलीविजन पर कॉमिक लेखन की एक निश्चित शैली है, लेकिन एक भक्ति गीत की रचना मेरे लिए एक सपने की तरह है। मैं वास्तव में इस नई शुरुआत के बारे में सोच रहा था और प्रतिभाशाली गायिका प्रिया मल्लिक के साथ जुड़कर बहुत अच्छा लगा। यह सराहनीय है कि कैसे अथ भक्ति और पंकज नारायण ने भक्ति गीतों की शैली को एक नया रूप दिया है।

## सोनी यूजिक इंडिया का साजना गाना रिलीज

**मुंबई वार्ता।** सोनी म्यूजिक इंडिया का नया गाना साजना आज रिलीज कर दिया गया है।

सोनी म्यूजिक इंडिया प्रस्तुत नया गाना साजना इंडी, पॉप, इलेक्ट्रॉनिक संगीत और हाई एनर्जी भरे स्वरों का एक सुंदर मिश्रण है। प्रो ब्रोस संगीतबद्ध इस गाने को रघु दीक्षित ने अपनी सिग्नेचर वोकल स्टाइल में स्वरबद्ध किया है।

रघु दीक्षित ने कहा,मुझे फयूज़न सॉन्ग बहुत पसंद है और मुझे विविध शैलियों के आविष्कृत ध्वनियों का सम्मिश्रण करना बेहद पसंद है। साजना गाने के ज़रिये, मुझे श्रोताओं के समक्ष कुछ अलग पेश करने का मौका मिला है। इस गाने की एनर्जी इस प्रेम गीत को सबसे अलग बनाता है। इसे गाने का अनुभव बहुत ही शानदार था और मुझे उम्मीद है कि हम इस गीत के ज़रिये लोगों में प्यार और सकारात्मकता फैलाने में सफल होंगे।प्रो ब्रोस ने कहा, यह कोलेबरेशन हमारे लिए बहुत ही खास है, क्योंकि इस गाने की रचना स्वतंत्र संगीत को आवश्यक रूप से प्रेरित करती है, और इस बात को ध्यान में रखते हुए, हमें यह महसूस हुआ कि साजना की रिलीज के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता है। मुझे उम्मीद है कि श्रोता इस गाने को उतने ही प्यार से अपनाएंगे जितने प्यार से हमने इसे बनाया है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम को आत्मसात करती है चूहिया : हैदर काजमी

**पटना, वार्ता।** बॉलीवुड फिल्मकार हैदर काजमी का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म चूहिया बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ मुहिम को आत्मसात करती है।



भारत में शिक्षा प्रणाली, जाति व्यवस्था और लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों को उभारने वाले विषय के साथ पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्माता हैदर काजमी एक फ़िल्म बना रहे हैं, जिसका नाम चुहिया है। फ़िल्म चुहिया के प्रोड्यूसर अनिस काजमी और फिल्म को को–प्रोड्यूस प्रीति राव कृष्णा ने किया है। फिल्म में म्यूजिक अमन के श्लोक का है। फ़िल्म की शूटिंग 30 जनवरी से शुरू होगी। शूटिंग बिहार के जहानाबाद पाली में की जायेगी। इसकी जानकारी हैदर काजमी ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन को अनुपमा प्रकाश और अमन श्लोक ने भी संबोधित किया।श्री हैदर काजमी ने कहा कि फ़िल्म चुहिया का निर्माण हैदर काजमी फिल्म्स के साथ एएससी डिजिटल प्रा.लि.प्रस्तुति में किया जा रहा है। फ़िल्म की केंद्रीय भूमिका में अनुपमा प्रकाश हैं, जो चुहिया के किरदार में नज़र आएंगी। मैं खुद भी फ़िल्म के एक किरदार में हूं। जबकि पिपली लाइव में नत्था के किरदार से प्रसिद्ध हुए एक बेहतरीन अभिनेता ओमकार दास मानिकपुरी भी इस फ़िल्म में हैं। उनके अलावा अनिल यादव, अरूण कुमार, अक्षय वर्मा, अली खान, शर्मिला डे, सौरभ कुमार, अहद काजमी मुख्य भूमिका में हैं। हमारी फ़िल्म बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ मुहिम को भी आत्मसात करती है। हम एक बेहतरीन फ़िल्म बना रहे हैं। यह इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जायेगी। उसके बाद इसको हम ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करेंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार में फिल्मों का माहौल नहीं है। यहां फ़िल्म सिटी नहीं है, और सरकार इसको लेकर उदासीन है। मैं बीते 10 सालों से यहां फ़िल्म सिटी की मांग कर रहा हूँ। इसके अलावा बिहार में फिल्मों को सब्सिडी भी नहीं मिलती, जिस वजह से फिल्मों के मामले में बिहार पिछड़ गया है। आज यूपी और झारखंड में सरकार फिल्मों को सब्सिडी दे रही है, जिससे वहां छोटी से बड़ी फिल्मों की शूटिंग होती है। मैं खुद भी बिहार से हूं, इसलिए दुख होता है कि हमारे प्रदेश में कलाकारों के लिए सरकार कुछ नहीं कर रही है। इसलिए मैंने खुद यहां फ़िल्म संस्कृति के विकास के लिए अपनी टीम के साथ आया हूँ। आगे भी मेरी कोशिश होगी कि यहां के कलाकारों के लिए कुछ न कुछ करता हूं।

फिल्म अभिनेत्री अनुपमा प्रकाश ने बताया कि फिल्म में वह चुहिया के किरदार में नज़र आएंगी, जो काफी चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने बताया कि फिल्म में वह अपने किरदार को साकार करने के लिये काफी कड़ी मेहनत कर रही हे और इसके लिये उन्होंने अपना वजन काफी कम किया है। फिल्म की कहानी काफी सशक्त है और उममीद करती हूँ कि दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आयेगी।

## भावी फिल्मों के लिए कश्मीर में बॉलीवुड के बड़े बैनर



**श्रीनगर वार्ता।** भावी फिल्मों के लिए सुंदर पृष्ठभूमि का पता लगाने के लिए बॉलीवुड के कई बड़े बैनर अभी कश्मीर का चार दिवसीय दौरा कर रहे हैं।

बॉलीवुड के शीर्ष प्रोडक्शन हाउस, जो यहां पहुंचे, उनमें अजय देवगन फिल्म्स, संजय दत्त प्रोडक्शंस, रोहित शेट्टी फिल्म्स, रिलायंस एंटरटेनमेंट, ज़ी स्टूडियोज़, अधिकारी ब्रदर्स एंड एसएबी (मराठी), एंडेमोल और एक्सेल एंटरटेनमेंट के अलावा जाने–माने निर्देशक राजकुमार हिरानी और प्रोड्यूसर्स गिल्ड, मुंबई के प्रतिनिधि शामिल हैं। बुधवार को यहां पहुंचने के तुरंत बाद, 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को गुलमर्ग का दौरा किया।

बॉलीवुड की टीम 29 जनवरी को श्रीनगर में रुकेगी। टीम मीडिया, यात्रा व्यापार संघों और घाटी की फिल्म और लाइन निर्माताओं के साथ इंटरैक्टिव सत्र में शामिल होगी। प्रतिनिधिमंडल 30 जनवरी को पहलगाम के खूबसूरत स्थानों का भी पता लगाएगा।कश्मीर पर्यटन विभाग के निदेशक जी एन इटू ने कहा कि शीर्ष प्रोडक्शन हाउस यहां थे और विभिन्न स्थानों का दौरा किया। उन्होंने कहा,यहां पर्यटन का क्षेत्र खुलने के बाद देश के क्षेत्रीय मनोरंजन गृहों के अलावा, गाने के दृश्यों और व्यावसायिक विज्ञापनों की शूटिंग के अलावा कश्मीर को बॉलीवुड फिल्म निर्माताओं से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।डा. इटू ने कहा कि कश्मीर फिल्म निर्माताओं के लिए एक स्वाभाविक पृष्ठभूमि प्रदान करता है और विभाग शूटिंग के लिए अनुमति प्राप्त करना उनके लिए आसान बना रहा है।

सर्दियों की शुरुआत के बाद से लगातार बर्फबारी के कारण कश्मीर में पर्यटकों की भीड़ में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

हाल ही में कश्मीर का दौरा करने वाली प्रमुख हस्तियों में गायक जुबिन नौटियाल, गुरु रंधावा और सलमान अली, पूर्व भारतीय अभिनेत्री और मॉडल सना खान, संगीतकार सलीम मर्चेंट, टेलीविजन होस्ट और एंकर आदित्य नारायण और बिजनेस टाइकून अनिल अंबानी शामिल हैं। उनमें से ज्यादातर गुलमर्ग गए।स्की रिज़ॉर्ट में 100 प्रतिशत बुकिंग भी हुई क्योंकि अधिकांश होटल फरवरी के अंत तक बुक रहते हैं, जो पर्यटकों की भीड़ के कारण होती हैं।प्रोड्यूसर्स गिल्ड ने गुलमर्ग की प्राचीन सुंदरता की प्रशंसा की और कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर अपनी आगामी फिल्म परियोजनाओं के लिए शूटिंग करने की इच्छा व्यक्त की।

झील, श्रीनगर का मुगल गार्डन, गुलमर्ग और पहलगाम में कई फिल्मों के साथ कश्मीर पारंपरिक रूप से बॉलीवुड के लिए एक पसंदीदा स्थान रहा है।

## काजोल ने गोविंदा के साथ काम नहीं करने की बतायी वजह



**मुंबई वार्ता।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने गोविंदा के साथ काम नहीं करने की वजह बतायी है।

काजोल ने अपने सिने करियर में कई सितारों के साथ काम किया है। काजोल ने अबतक गोविंदा के साथ काम नहीं किया है। गोविंदा के साथ काम नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर काजोल ने कहा, हमलोगों ने जंगली नाम की एक फिल्म शुरू की थी, जिसे निर्देशक राहुल रवैल बनाने वाले थे। इस फिल्म के लिए एक फोटोशूट भी किया था लेकिन यह शुरू होने से पहले ही बंद हो गई।

काजोल ने कहा, एक फोटोशूट के अलावा हमने फिल्म के लिए कोई शूटिंग नहीं की लेकिन मैं कहना चाहती हूं कि गोविंदा एक बेहतरीन अभिनेता हैं। मैंने हमेशा कहा है कि लोगों को हंसाना बहुत ही मुश्किल है और गोविंदा वो काम बखूबी कर सकते हैं।गोविंदा के साथ भविष्य में काम किये जाने को लेकर काजोल ने कहा, भविष्य का तो पता नहीं लेकिन गोविंदा हैं कमाल के एक्टर। यदि कुछ अच्छा आता है, तो हम जरूर साथ में काम करेंगे। काजोल की फिल्म त्रिभंगा हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफिलक्स पर रिलीज हुई है।

# आखिरी समय में बिकवाली से 67 अंक टूटा सेंसेक्स




**मुंबई वार्ता।** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में आखिरी समय में बिकवाली बढ़ने से बीएसई का सेंसेक्स करीब 67 अंक टूटकर एक सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुआ।

लगभग पूरे दिन बढ़त में रहने के बाद सेंसेक्स आखिरकार 66.95 अंक यानी 0.13 प्रतिशत टूटकर एक सप्ताह के निचले स्तर 52,482.71 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.95 अंक यानी 0.17 प्रतिशत फिसलकर 15,721.50 अंक पर बंद हुआ जो 23 जून के बाद का निचला स्तर है। दोनों सूचकांक लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुये हैं।

बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में बिकवाली रही। आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी ने बाजार पर सबसे अधिक दबाव बनाया। दूसरी तरफ आईटी एवं टेक क्षेत्र की कंपनियों में हुई लिवाली से बाजार की गिरावट कुछ कम रही।

मझौली कंपनियों पर कम दबाव रहा जबकि छोटी कंपनियों में निवेशकों ने पैसा लगाया। बीएसई का मिडकैप 0.03 प्रतिशत टूटकर 22,535.95 अंक पर बंद हुआ। स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत चढ़कर 25,232.17 अंक पर पहुँच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर 1.51 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 1.49 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक का 1.46 प्रतिशत, एचडीएफसी का 1.04 प्रतिशत और एनटीपीसी का 1.02 प्रतिशत लुढ़क गया। इंफोसिस में 1.19 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.14 प्रतिशत की तेजी रही।

विदेशों में अधिकतर प्रमुख शेयर बाजार गिरावट में रहे। एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत टूट गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.50 फीसदी और दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.30 प्रतिशत की तेजी रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.91 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.56 प्रतिशत कमजोर हुआ।सेंसेक्स 101.43 अंक की बढ़त में 52,651.09 अंक पर खुला और दोपहर तक 52,875.92 अंक के दिवस के उच्चतम स्तर तक पहुँच गया। आखिरी समय में बाजार में बिकवाली बढ़ गई। कारोबार की समाप्ति से पहले 52,448.64 अंक तक उतरने के बाद अंत में 0.13 फीसदी नीचे 52,482.71 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 3,359 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,707 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ और 1,530 के शेयर गिरावट में बंद हुये जबकि शेष 122 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे।

निफ्टी की शुरुआत 28.45 अंक की तेजी में 15,776.90 अंक पर हुई। यह ऊपर 15,839.10 अंक तक और नीचे 15,708.75 अंक तक गया। अंत में गत दिवस की तुलना में 0.17 प्रतिशत टूटकर 15,721.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 से 33 कंपनियों के शेयर टूट गये जबकि शेष 17 के मजबूती के साथ बंद हुये।

## पेट्रोल दो महीने में 9.30 फीसदी महँगा



**नयी दिल्ली वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण पिछले दो महीने में देश में पेट्रोल नौ प्रतिशत और डीजल 10 प्रतिशत से अधिक महँगा हुआ है।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जून में पेट्रोल का मूल्य 4.58 रुपये और डीजल की कीमत 4.03 रुपये बढ़ चुकी है। इससे पहले मई में भी पेट्रोल 3.83 रुपये और डीजल 4.42 रुपये महँगा हुआ था। इस प्रकार दो महीने में पेट्रोल 8.41 रुपये (9.30 प्रतिशत) और डीजल 8.45 रुपये (10.47 प्रतिशत) महँगा हो चुका है।

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का मौजूदा क्रम 04 मई से शुरू हुआ था। इससे पहले मार्च और अप्रैल में दोनों ईंधनों के मूल्यों में मामूली कटौती की गई थी। मई में 16 दिन कीमतें बढ़ाई गई थीं जबकि शेष 15 दिन कोई बदलाव नहीं हुआ था। जून में भी 16 दिन दाम बढ़े हैं जबकि शेष 14 दिन स्थिर रहे हैं।

कीमतों में वृद्धि की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी है। कच्चे तेल का मानक माने जाने वाले लंदन के ब्रेंट क्रूड वायदा की कीमत 30 अप्रैल को 67.66 डॉलर प्रति बैरल थी जो इस समय बढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुँच चुकी है।

देश में पेट्रोल-डीजल की ऊँची कीमत में आधे से भी अधिक हिस्सा इन पर लगने वाले भारी-भरकम कर से बनता है। केंद्र तथा राज्य सरकारों की कमाई का बहुत बड़ा जरिया पेट्रोलियम उत्पादों पर करों और शुल्क हैं। इसी कारण पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे से बाहर रखा गया है।

## 4.10 करोड़ की बेंटले की न्यू बेंटायगा लॉन्च

**नई दिल्ली वार्ता।**लक्ज़री कार निर्माता कंपनी बेंटले ने अपनी न्यू बेंटायगा को भारत में लॉन्च कर दिया है जो 'बियोंड100' व्यापार रणनीति की तहत कंपनी की पहली कार है। दिल्ली में इस लक्ज़री कार की एक्स शोरूम कीमत 4.10 करोड़ रुपय रखी गई है और दिल्ली, मुंबई तथा हैदराबाद में इसकी बुकिंग शुरू कर दी गई है।

कंपनी ने मंगलवार को यहां बयान जारी कर बताया कि नई बेंटायगा पहली कार है जिसे बेंटले की नई बियोंड 100 व्यापार रणनीति के तहत लॉन्च किया गया है। यह कार ऐसी यात्रा प्रदान करेगी जो कंपनी को स्थायी लक्जरी गतिशीलता में विश्व का अग्रणी बनाएगा।कंपनी ने कहा कि बेंटले बेंटायगा दुनिया में सबसे तेज, सबसे शानदार और सबसे बहुमुखी एसयूवी बनी हुई है, जो एक सच्चे बेंटले ड्राइविंग अनुभव की पेशकश करती है और सहज प्रदर्शन और रोजमर्रा की उपयोगिता के साथ संयुक्त रूप से अद्वितीय लक्जरी दिखाती है। नया बेंटायगा पहली पीढ़ी के मॉडल की लोकप्रियता पर बनाया गया है जिसके 20,000 से अधिक संतुष्ट ग्राहक हैं।बेंटले के एक्सक्लूसिव मोटर्स के प्रबंध निदेशक सत्य बागला ने इस लॉन्च पर कहा, बेंटले लक्जरी गतिशीलता में दुनिया के लीडर हैं और मोटर वाहन की दुनिया में नए लक्जरी को परिभाषित करते रहे हैं। रेंज के लिए सबसे नया इसके अलावा सब कुछ बेंटायगा को बनाया गया है, जो आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ उत्तम शोधन को संतुलित करता है।

## हाई क्रेडिट स्कोर के लिए न करें ये 4 गलतियां

**नई दिल्ली वार्ता।** यह बहुत जरूरी नहीं है कि क्रेडिट स्कोर 750 से ऊपर हो तभी लोन मिल पाएगा। क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच आंका जाता है, जबकि 750 से ऊपर के स्कोर को बेहतर माना जाता है। हालांकि, कई लोग अभी भी नहीं जानते कि क्रेडिट स्कोर को बेहतर कैसे बनाया जाए। जिनकी सैलरी कम है वे भी क्रेडिट स्कोर बेहतर बना सकते हैं। कभी-कभी व्यक्ति कुछ मूर्खतापूर्ण गलतियां करते हैं जिसके कारण उनका क्रेडिट स्कोर नकारात्मक रूप से प्रभावित हो जाता है। ऐसे ही कुछ गलतियों के बारे में जानिए और आप इससे बचके रहिये।

1. लोन पेमेंट में चूक- समय पर अपने कर्ज के ईएमआई का भुगतान नहीं करने से आपका क्रेडिट स्कोर कम हो जाएगा। कभी-कभी, हम नियत तारीख के भीतर क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने में विफल रहते हैं जिसके कारण बैंक जुर्माना लगाता है। इसका क्रेडिट स्कोर पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। अगर आपके पास पैसे की दिक्कत नहीं है तो भी बैंक यह मानेंगे कि आप धन की कमी के कारण क्रेडिट कार्ड का बकाया चुकाने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए लोन की किस्त का भुगतान समय पर कर दें।

2. बहुत अधिक कर्ज लेना- यदि आप बहुत अधिक असुरक्षित लोन जैसे क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि, पर्सनल लोन लेते हैं तो यह आपको क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करेगा। बड़ी मात्रा में अवैतनिक देय राशि डिफ़ॉल्ट के जोखिम को बढ़ाती है। यदि आपकी मासिक कर्ज चुकौती (सभी कर्जों पर ब्याज और मूलधन) आपके घर के वेतन का 50त्न से अधिक है, तो यह आपके क्रेडिट स्कोर को कम कर देगा और दिखाएगा कि आप एक कमजोर ग्राहक हैं और किसी भी समय डिफ़ॉल्ट हो सकते हैं।

3. क्रेडिट कार्ड का अत्यधिक उपयोग- यदि आप अक्सर अपने सभी कार्डों में अधिकतम क्रेडिट सीमा का उपयोग करते हैं तो यह आपके क्रेडिट स्कोर को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, 30त्न से कम की क्रेडिट उपयोग अनुपात को बनाए रखना हमेशा अच्छे क्रेडिट स्कोर के लिए उचित होता है।

4. बहुत अधिक कर्ज के लिए आवेदन करना- कभी-कभी संपत्ति खरीदते समय लोग एक साथ लोन अस्वीकृति की संभावना को कम करने और ज्यादा बेहतर रेट प्राप्त करने के लिए कई बैंकों के साथ कर्ज के लिए आवेदन करते हैं। हालांकि, उन्हें ध्यान देना चाहिए ।

## सोना टूटा, चाँदी मजबूत



**मुंबई वार्ता।**विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर भी बुधवार को सोना टूट गया जबकि चाँदी मजबूत हुई।

एमसीएक्स वायदा बाजार में सोना 41 रुपये यानी 0.09 प्रतिशत लुढ़ककर 46,514 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, सोना मिनी 46,439 रुपये प्रति 10 ग्राम पर लगभग अपरिवर्तित रहा।चाँदी 246 रुपये यानी 0.37 प्रतिशत चमककर 67,478 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी भी 186 रुपये मजबूत हुई और 68,618 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर आज 4.5 डॉलर टूटकर 1,756.85 डॉलर प्रति औंस रह गया। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा भी 6.30 डॉलर फिसलकर 1,757.30 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 0.06 डॉलर की गिरावट के साथ 25.86 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना में उठाव घटा बताया गया। इससे सोना 200 रुपये कम हुआ।

कामकाज में सोना ऊंचे में 48350 रुपये तथा चांदी 68750 रुपये बिकी। आज सोना 1760 डॉलर तथा चांदी 2580 सेन्ट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है।

## डाबर का शुद्ध गाय घी के साथ घी श्रेणी में प्रवेश




**लखनऊ ब्यूरो।** दुनिया की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक उत्पाद निर्माता डाबर इंडिया लिमिटेड ने आज भारत के पहले ट्रेसेबल घी %डाबर सौ प्रतिशत शुद्ध गाय घी% के लॉन्च के साथ घी श्रेणी में अपने प्रवेश की घोषणा की। राजस्थान में पैदा स्वदेशी गायों से मंगाए गए दूध से तैयार, डाबर सौ प्रतिशत शुद्ध गाय घी विशेष रूप से अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों में से एक ग्रोफर्स पर उसकेग्रैंड ऑरेंज बैग डेज कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया जाएगा, जो 16 जनवरी 2021 को है।

इस ऑनलाइन एक्सक्लूसिव लॉन्च की घोषणा करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड के डीजीएम मार्केटिंग (इनोवेशन) श्री के गणपति सुब्रमण्यम ने कहा, डाबर हर घर के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समर्पित रहने के अपने सूत्र को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

डाबर शत प्रतिशत शुद्ध गाय घी के लॉन्च के साथ हम इस मिशन पर आगे बढ़ रहे हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट गुणों के साथ एक प्राकृतिक प्रतिरक्षा बूस्टर है, जो पाचन में सुधार करता है और ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत है। इस घी को बनाने की स्वच्छ प्रक्रिया, हर चम्मच में पोषण सुनिश्चित करती है और ईसकी दानादार बनावट के साथ-साथ यह एक महान स्वाद और सुगंध से भरपूर है।डाबर इंडिया लिमिटेड बिजनेस हेड ई-कॉमर्स श्री समर्थ खन्ना ने कहा की अपने उपभोक्ताओ के लिए हमारे द्वारा तैयार किए जाने वाले शुद्ध और स्वस्थ उत्पादो की सूची में डाबर शत प्रतिशत शुद्ध गाय घी एक और नवीनतम उत्पाद है। ईस उत्पाद की संकल्पना से लेकर उसके अंतिम निष्पादन तक की प्रक्रिया में ग्रोफर्स की टीम के साथ मिलकर काम करना बहुत ही आनंददायक अनुभव था। ग्रोफर्स जीओबीडी इवेंट पर यह उत्पाद लॉन्च करने के लिए हम बेहद रोमांचित हैं। डाबर शत प्रतिशत शुद्ध गाय घी 599 रुपये की एमआरपी पर 1 एलटीआर पैक में उपलब्ध होगा।।

ग्रोफर्स में वीपी-श्रेणी के अनीश श्रीवास्तव ने ईस अवसर पर कहा,हम अपने प्रमुख अर्ध-वार्षिक ग्रैंड ऑरेंज बैग डेज सेल के दौरान डाबर शत प्रतिशत शुद्ध गाय घी लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं।

## कच्चे तेल में तेजी से रुपया नौ पैसे टूटा

**मुंबई,वार्ता।**अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज नौ पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 74.32 रुपये का बिका।

भारतीय मुद्रा दो दिन में 13 पैसे टूटी है। पिछले कारोबारी दिवस यह चार पैसे की गिरावट के साथ 74.23 रुपए प्रति डॉलर पर रही थी।

रुपये पर आज 74.23 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला, लेकिन इसके बाद लगातार दबाव में रहा। एक समय यह 74.45 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया था। बाद में दुबारा वापसी करते हुये कारोबार की समाप्ति पर यह नौ पैसे फिसलकर 71.32 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## खाद्य तेलों, दालों में घटबढ़, चना नरम



**नयी दिल्ली,वार्ता।**विदेशों में खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में भी बुधवार को इनमें मिश्रित रुख देखा गया। तेलों के अलावा दालों में भी घटबढ़ रही जबकि चीनी और अनाजों के दाम स्थिर रहे।

तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा 54 रिंगिट चढ़कर 3,607 रिंगिट प्रति टन पर पहुँच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 सेंट फिसलकर 61.04 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय बाजार में आवक बढ़ने से पाम ऑयल के दाम 220 रुपये प्रति क्विंटल टूट गये। सूरजमुखी तेल में 72 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सरसों तेल, मूँगफली तेल, सोया तेल और वनस्पति के भावों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

तेल-तिलहन = अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पॉम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिंगिट की गिरावट लेकर 4198 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा तथा अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.07 सेंट घटकर 55.05 प्रति पौंड पर रहा।

स्थानीय बाजार में सूरजमुखी तेल और पॉम आयल में तेजी दर्ज की गई जबकि मूंगफली तेल, सरसों तेल, वनस्पती तेल समेत सोया तेल के दाम पिछले दिवस पर स्थिर रहे।स्थानीय बाजार में ग्राहकी आने से सरसों तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति के दाम चढ़ गये जबकि पाम ऑयल , मूंगफली तेल और सूरजमुखी तेल में टिकाव रहा।गुड़-चीनी = मीठे के बाजार में चीनी और गुड़ के दाम घट गये।

दाल-दलहन = अधिकतर दलहनों में टिकाव रहा जबकि मूंग दाल और उड़द दाल के भाव चढ़ गये। अरहर दाल, मसूर दाल और चना दाल के दाम स्थिर रहे। चना भी गत दिवस पर पड़ा रहा।

अनाज = अनाजों में गेहूं की कीमतें टिकी रहीं। चावल नरम हो गया। आटे में टिकाव रहा।सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे=

## थॉमसन स्मार्ट टीवी बना दूसरा सबसे ज्यादा ऑनलाइन बिकने वाला ब्रांड

**नई दिल्ली वार्ता।**यूरोप का प्रमुख उपभोक्ता ब्रांड थॉमसन का स्मार्ट टीवी तीन साल के भीतर देश में दूसरा सबसे ज्यादा ऑनलाइन बिकने वाला ब्रांड बन गया है।कंपनी ने आज यहाँ बताया कि थॉमसन देश के सबसे तेजी से बढ़ते और शीर्ष तीन ऑनलाइन स्मार्ट टीवी ब्रांडों की बिक्री में से एक बन गया है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रभाव के बावजूद वर्ष 2020 में ब्रांड ने सौ प्रतिशत राजस्व हासिल किया। उसने कहा कि वर्ष 2021-2022 में उसे 750,000 से अधिक इकाइयों को बेचने की उम्मीद है।कंपनी ने कहा कि उसने कम कीमतों पर वैश्विक स्तर की गुणवत्ता वाले कई उत्पाद बनाये है जो भारतीय ऑनलाइन ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे है। थॉमसन के एलईडी और स्मार्ट टीवी 7999 रूपए की कीमत से शुरू हो जाते है और फ्लिपकार्ट पर 16 से 20 मार्च तक चलने वाली 'इलेक्ट्रॉनिक डे सेल' पर इसमें और विशेष छूट दी जायेगी।

## बीमा कंपनियां पॉलिसीधारकों से कर सकती हैं वेलनेस कूपन्स व रिवार्ड पॉइंट्स की पेशकश




**नई दिल्ली वार्ता।** बीमा क्षेत्र के नियामक इरडा ने स्वास्थ्य और बचाव परिदृश्य से जुडे नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों के अनुसार, बीमा कंपनियां हेल्थ सप्लिमेंट और योग सेंटर्स के लिए डिस्काउंट कूपन्स की पेशकश कर सकती हैं। साथ ही वे तय योग्यताएं पूरी करने पर बीमाधारकों को रिवार्ड पॉइंट भी दे सकती हैं।इरडा ने एक सर्कुलर में कहा, कोई भी स्वास्थ्य या बचाव सुविधाएं केवल अच्छे स्वास्थ्य को बरकरार रखने के उद्देश्य के साथ डिजाइन होनी चाहिए। इस वेलनेस प्रोग्राम के तहत बीमा कंपनियां बीमाधारकों को हेल्थ सप्लीमेंट की खरीद या योग केंद्र, जिम, खेल क्लब अथवा फिटनेस सेंटर की सदस्यता लेने पर डिस्काउंट कूपन या वाउचर ऑफर कर सकती हैं।नए दिशानिर्देशों के अनुसार, इन सुविधाओं को किसी पॉलिसी में विकल्प के तौर पर या एडऑन (अतिरिक्त) के तौर पर पेश किया जा सकता है। साथ ही नियामक द्वारा सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि इसे किसी भी बीमा उत्पाद में समाहित कर या उसके लाभ के तौर पर जोड़कर नहीं पेश किया जा सकता है।

## अमूल दूध कल से देश भर में होगा और महंगा

**आनंद ( गुजरात )वार्ता।** अमूल दूध की क़ीमतें गुरुवार (एक जुलाई) से देश भर में दो रुपए प्रति लीटर बढ़ जायेंगी।

पहले से ही पेट्रोल, खाद्य तेल और रोज़मर्रा की ज़रूरत की अन्य वस्तुओं की बढ़ी क़ीमतों के चलते बेतहाशा महंगाई से परेशान आम लोगों को और इससे मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

ब्राण्ड अमूल का विपणन करने वाले सहकारी महासंघ गुजरात को आपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फ़ेडरेशन के प्रबंध निदेशक आर एस सोढी ने पत्रकारों को बताया कि दूध उत्पादन की बढ़ती लागत और खाद्य वस्तुओं की क़ीमत वृद्धि के कारण यह क़दम उठाना पड़ा है। परिवहन और पैकिजिंग आदि की लागत में भी ख़ासी बढ़ोतरी हुई है। कल से गुजरात, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और उत्तराखंड समेत अपने सभी बाज़ारों में क़ीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

क़ीमतों में बढ़ोतरी से अहमदाबाद में अमूल गोल्ड, ताज़ा, शक्ति और गाय दूध के आधा लीटर पाउच का मूल्य क्रमशः 29, 23, 26 और 24 रुपये हो जाएगा।ज्ञातव्य है कि अमूल ने इससे पहले वर्ष 2019 की अंतिम तिमाही में अपनी क़ीमतें बढाई थीं।

## गुड़ में मजबूती, खोपरा गोला सस्ता

**इंदौर,वार्ता।** सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत लिवाली रही। इस दौरान गुड़ए साबूदाना मजबूत रहा। शक्करए खोपरा गोला मांग कमी से सस्ता बिका।स्थानीय किराना बाजार में शक्कर नरम रही। सोमवार को शक्कर 3370 से 3420 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3360 से 3400 रुपये बोली गई। शक्कर की दैनिक आवक 07 से 08 गाड़ी की रही। गुड़ में ग्राहकी सुधार लिए रही

## एक प्रीमियम भरकर पाए हर महीने पेंशन ! ऑनलाइन खरीदने पर ज्यादा फ़ायदा



**लखनऊ ब्यूरो।** रिटायरमेंट के बाद जीवन आत्म-खोज की एक अद्भुत यात्रा है और यह महत्वपूर्ण है कि आप अपनी दूसरी पारी के लिए सर्वोत्तम संभव तरीके से योजना बनाएं। रिटायरमेंट प्लानिंग एक मल्टीस्टेप प्रक्रिया है जो समय के साथ विकसित होती है। और एक मज़ेदार, आरामदायक और सुरक्षित सेवानिवृत्ति का आनंद लेने के लिए, वित्तीय तकिया का निर्माण करना सबसे महत्वपूर्ण है जो सेवानिवृत्ति के बाद आपके जीवन को निधि देगा। विवेक जैन, इन्वेस्टमेंट, बिजनेस यूनिट हेड, पॉलिसी बाजार डाट कॉम ने बताया आम तौर पर इन दिनों लंबे समय तक रहने वाले लोगों के साथ, यदि आप रिटायरमेंट से पहले जीवन शैली का आनंद लेना चाहते हैं, तो अच्छी तरह से योजना बनाना महत्वपूर्ण है।

सेवानिवृत्ति के बाद पहली मूल आवश्यकता यह सुनिश्चित करना है कि आपके पास पेंशन का एक स्थिर प्रवाह है ताकि आप अपने दैनिक खर्चों को आसानी से पूरा कर सकें। काम से एक स्थिर पेंशन प्रवाह पोस्ट-रिटायरमेंट सुनिश्चित करने का सबसे सुरक्षित तरीका एन्युटी योजनाओं में निवेश कर रहा है। एन्युटी योजनाएं खरीदकर, आपको आपके, आपके पति और यहां तक कि आपके बच्चों के लिए आर्थिक रूप से सुरक्षित भविष्य की गारंटी दी जाती है। एन्युटी योजना आपके रिटायरमेंट कॉर्पस को रेखांकित करने के जोखिम को कवर करने का सबसे भरोसेमंद तरीका है। इन योजनाओं को विशेष रूप से निवेश के लिए एक सभ्य कॉर्पस वाले लोगों की दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

एन्युटी योजना - रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प

विवेक जैन, इन्वेस्टमेंट, बिजनेस यूनिट हेड, पॉलिसी बाजार. कॉम ने बताया जैसा कि नाम से पता चलता है,एन्युटी नीति आपको एकमुश्त निवेश करने के बाद जीवन के लिए नियमित मासिक पेंशन पाने में मदद करती है। एन्युटी योजनाओं के तहत, ग्राहकों के लिए योजनाओं की दो बुनियादी श्रेणियां उपलब्ध हैं- डिफर्ड एन्युइटी और तत्काल एन्युटी। डिफर्ड एन्युटी योजनाओं के तहत, आप बीमाकर्ता के साथ एकमुश्त निवेश करते हैं और इसके लिए 5 - 10 वर्षों की अवधि तक बढ़ने की प्रतीक्षा करते हैं, जिसके बाद आप नियमित पेंशन प्राप्त करना शुरू करते हैं। डैफर्ड एन्युटी योजनाओं के विपरीत, तत्काल एन्युटी योजनाओं के तहत, बीमाकर्ता के साथ एकमुश्त निवेश करने के तुरंत बाद भुगतान शुरू हो जाता है। जबकि 60 वर्ष से अधिक उम्र के ग्राहकों के लिए तत्काल एन्युटी उत्पादों को सर्वोत्तम रूप से अनुशंसित किया जाता है, डैफर्ड एन्युटी प्रोडक्ट्स अपने शुरुआती 50 के दशक में ग्राहकों के लिए सबसे उपयुक्त हैं। आपके मासिक भुगतान का आकार विभिन्न प्रकार के कारकों द्वारा निर्धारित किया जाता है, जिसमें निवेश किया गया कोष और आपकी भुगतान अवधि का कार्यकाल शामिल है।

एन्युटी प्लान्स खरीदने का एक अन्य प्रमुख कारण है कि अन्य रिटायरमेंट योजनाओं के मुकाबले ग्राहक ग्राहक केवल

10/15/20/25 वर्षों की अवधि के लिए ही नहीं, बल्कि उनके संपूर्ण जीवन के लिए उस ही ब्याज दर पर लॉक-इन कर सकते हैं । अधिकांश अन्य सेवानिवृत्ति योजनाओं के तहत, आप केवल अधिकतम 10 वर्षों के लिए ब्याज दर में लॉक कर सकते हैं और बैंक एफडी और पीपीएफ जैसे अन्य बचत साधनों की ब्याज दरों में भारी गिरावट के साथ, वार्षिकी योजनाओं में निवेश करना एक स्मार्ट कदम है। इसके अलावा, एन्युटी योजना पुनर्निवेश जोखिम से निपटने का एक शानदार तरीका है - जिसमें अन्य निवेश विकल्पों की कमी है - और दीर्घायु जोखिम को कम करते हैं। भारत में उपलब्ध अधिकांश रिटायरमेंट विकल्प एक निवेश कैप के साथ आते हैं; हालांकि, एन्युटी योजनाओं में निवेश करते समय ऐसी कोई निवेश सीमा / सीमा नहीं है। ऑनलाइन उपलब्ध विभिन्न एन्युटी योजनाओं के तहत, अब आपके पास एक ऐसी योजना के तहत निवेश करने का विकल्प भी है, जो आपके और आपके पति या पत्नी के लिए जीवन भर के लिए पेंशन की गारंटी देता है, और निवेशित राशि वापस की जा रही है7 एन्युटी योजनाओं में निवेश करते समय एक महत्वपूर्ण बात जो ग्राहकों को ध्यान में रखनी चाहिए, वह यह है कि आप अपनी भुगतान आवृत्ति को समझदारी से चुनें।

## आपातकालीन ऋण गारंटी योजना में अतिरिक्त 1.5 लाख करोड़ की व्यवस्था मंजूर

**नयी दिल्ली,वार्ता।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत अतिरिक्त 1.5 लाख करोड़ रुपये की व्यवस्था को मंजूरी प्रदान की है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। पहले इस योजना के तहत तीन लाख करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये थे। वर्तमान में इसके तहत लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किये जा चुके हैं। डेढ़ लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने से अब 4.5 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया जा सकेगा। योजना की अवधि 30 सितंबर 2021 तक होगी।कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के चलते अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में आये व्यवधान को देखते हुये, सरकार ने ईसीएलजीएस का दायरा बढ़ाया है। इस विस्तार से ऋणदाता संस्थानों को कम लागत पर 1.5 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहन के द्वारा अर्थव्यवस्था के विविध क्षेत्रों को बहुप्रतीक्षित राहत मिलने का अनुमान है, जिससे व्यावसायिक उपक्रमों के लिए अपनी परिचालन जिम्मेदारियां पूरी करना और अपने कारोबार को जारी रखना संभव होगा।

मंत्रिमंडल ने कोविड प्रभावित क्षेत्रों के लिए कर्ज गारंटी योजना (एलजीएससीएएस) के विस्तार को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत स्वास्थ्य/चिकित्सा अवसंरचना से संबंधित परियोजनाओं के विस्तार और नयी परियोजनाओं को वित्तीय गारंटी कवर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 50,000 करोड़ रुपये तक का वित्तपोषण उपलब्ध कराया जायेगा।

मंत्रिमंडल ने बेहतर स्वास्थ्य से संबद्ध अन्य क्षेत्रों/ऋणदाताओं के लिए भी एक योजना शुरू करने को स्वीकृति दी है जिसके विस्तृत तौर-तरीकों को बाद में अंतिम रूप दिया जायेगा।

एलजीएससीएएस से स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढाँचे को मजबूत बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। एलजीएससीएएस का मुख्य उद्देश्य आंशिक रूप से कर्ज जोखिम (मुख्य रूप से निर्माण जोखिम) खत्म करना है और सस्ती ब्याज दरों पर बैंक कर्ज उपलब्ध कराना है। अतिरिक्त अस्पताल बिस्तर, आईसीयू, डायग्नोस्टिक सेंटर, ऑक्सीजन सुविधाएं, टेलीफोन या इंटरनेट आधारित स्वास्थ्य परामर्श और पर्यवेक्षण, जांच सुविधाएं और आपूर्ति, वैक्सीनों के लिए कोल्ड चेन सुविधाएं, दवाइयों और वैक्सीनों के लिए आधुनिक वेयरहाउस, मरीजों के लिए आइसोलेशन सुविधाएं, सीरिंज और इंजेक्शन आदि जैसी सहायक आपूर्तियों के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए इसके तहत ऋण लिया जा सकता है।

# 17 दिनों में कोरोना के करीब पांच लाख सक्रिय मामले घटे



**नयी दिल्ली वार्ता।** देश में 17 दिनों में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के करीब पांच लाख सक्रिय मामले घटे और पिछले 24 घंटे में 60,729 मरीज स्वस्थ हुए है।

इस बीच मंगलवार को 36 लाख 51 हजार 983 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 33 करोड़ 28 लाख 54 हजार 527 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 45,951 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ तीन लाख 62 हजार 848 हो गया है। इस दौरान 60 हजार 729 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 94 लाख 27 हजार 330 हो गयी है। सक्रिय मामले 15,595 कम होकर पांच लाख 37 हजार 064 रह गये हैं। इसी अवधि में 817 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर तीन लाख 98 हजार 454 हो गया है।

देश में सक्रिय मामलों की दर कम होकर 1.77 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 96.92 फीसदी और मृत्यु दर 1.31 हो गयी है।महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामले 769 घटने बाद यह संख्या 1,20,281 हो गयी है। इसी दौरान राज्य में 8623 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोनामुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 58,09548 हो गयी है जबकि 231 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,21,804 हो गया है।

कर्नाटक में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 11595 कम होकर 86020 रह गए हैं। वहीं 93 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा 34929 हो गया है। राज्य में अब तक 2719479 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

केरल में इस दौरान सक्रिय मामले 3163 बढ़कर 99635 हो गये हैं तथा 10283 मरीजों के स्वस्थ होने से कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 2797779 हो गयी है जबकि 104 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 13,093 हो गयी है।तमिलनाडु में सक्रिय मामलों की संख्या 1619 घटकर 39335 रह गयी है तथा 118 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 32506 हो गयी है। वहीं 2403349 मरीज संक्रमण मुक्त हुए हैं।

आंध्र प्रदेश में सक्रिय मामले 40074 रह गये हैं। राज्य में कोरोना को मात देने वालों की तादाद 1832971 हो गयी है जबकि 12671 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

पश्चिम बंगाल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 464 घटकर 21116 रह गये हैं और इस महामारी के संक्रमण से कुल 17679 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब तक 1459510 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

तेलंगाना में सक्रिय मामले 382 घटकर 13487 रह गये हैं, जबकि अब तक 3651 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 605455 लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में कोरोना के सक्रिय मामले 249 घटकर 5914 रह गये हैं। वहीं 974725 लोग कोरोनामुक्त हो चुके हैं जबकि एक और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 13438 हो गयी है।

पंजाब में सक्रिय मामले 292 घटकर 3347 रह गये हैं तथा संक्रमण से निजात पाने वालों की संख्या 575971 हो गयी है जबकि 16033 मरीजों की जान जा चुकी है।गुजरात में सक्रिय मामले 235 घटकर 3230 रह गये हैं तथा अब तक 10056 लोगों की मौत हुई है। वहीं 810147 मरीज संक्रमण मुक्त हुए हैं।आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान 100 सक्रिय मामले कम हुए हैं और इनकी संख्या अब 2946 रह गयी है। राज्य में इस महामारी से 18 और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 22577 हो गयी है तथा अब तक 1680428 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

हरियाणा में सक्रिय मामले 98 घटकर 1495 रह गये हैं। राज्य में इस महामारी से 9417 लोगों की मौत हो चुकी है तथा अब तक 757640 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।बिहार में सक्रिय मामले 141 घटकर 1832 रह गए हैं। राज्य में मृतकों का कुल आंकड़ा 9584 हो गया है और 710238 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मामलों में 22 की कमी आने के साथ इनकी संख्या घटकर 1531 रह गयी है। यहां दो और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 24971 हो गयी है। वहीं 1407592 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं।मध्य प्रदेश में सक्रिय मामले 66 घटकर 630 रह गये हैं तथा अब तक 780187 लोग स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 8954 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है।

कोरोना महामारी से अब तक राजस्थान में 8918, उत्तराखंड में 7095, झारखंड में 5113, जम्मू-कश्मीर में 4316, असम में 4509, हिमाचल प्रदेश में 3477, ओडिशा में 3970, गोवा में 3048, पुडुचेरी में 1748, मणिपुर में 1141, चंडीगढ़ में 808, मेघालय में 831, त्रिपुरा में 677, नागालैंड में 493, सिक्किम में 305, लद्दाख में 202, अरुणाचल प्रदेश में 168, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 128, मिजोरम में 92 लक्षद्वीप में 48 तथा दादर-नागर हवेली एवं दमन-दीव में चार लोगों की मौत हुई है।

## महंगाई भत्ते के लिए सरकारी कर्मचारी करेंगे एक जुलाई को प्रदर्शन

**नयी दिल्ली वार्ता।** सरकारी कर्मचारियों के संगठन - इंडिया पब्लिक सर्विसेस इम्प्लाईजिज फेडरेशन एक जनवरी से महंगाई भत्ते की मांग करते हुए देशभर में कल विरोध प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मांग पर सौंपेगें।

संगठन ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि कोरोना महामारी के कारण सरकारी कर्मचारी भारी दबाव में काम रहे हैं। सरकार कई महीने से महंगाई भत्ता जारी करने में टालमटोल कर रही है। सरकार एक जनवरी से लंबित महंगाई भत्ते का भुगतान जुलाई माह तक कर दिया जाना चाहिए।

बयान के अनुसार देश के विभिन्न हिस्सों में सरकारी कर्मचारी महंगाई भत्ता जारी करने की मांग को लेकर कल विरोध प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। बयान में पूरे देश में एक वेतन की मांग की भी की गयी है।

## अमेरिकी संसद ने कोरोना पर भारत की मदद संबंधी पारित किया प्रस्ताव

**वाशिंगटन,, वार्ता।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भारत में कोरोना वायरस के विनाशकारी प्रभाव को स्वीकार करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया और तत्काल सहायता की सुविधा के लिए राष्ट्रपति जो बिडेन से कदम उठाने का अनुरोध किया।

भारत और भारत अमेरिकियों पर हाउस कॉकस के डेमोक्रेटिक सह अध्यक्ष एवं कांग्रेसी ब्रैड शर्मन की ओर से पिछले महीने प्रस्ताव पेश करने में रीप स्टीव चाबोट भी शामिल हुए थे। यह प्रस्ताव मंगलवार को संसद में पारित किया गया।

श्री शर्मन ने कहा प्रस्ताव भारत के लोगों के साथ हैं क्योंकि वे सामूहिक रूप से कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा, अमेरिका को हर जगह वायरस को खत्म करने के लिए दुनिया भर में अपने सहयोगियों के साथ काम करना चाहिए।

श्री शर्मन के कार्यालय की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक,प्रस्ताव भारत को तत्काल आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति देने के लिए बिडेन प्रशासन के प्रयासों को मान्यता देता है, और भारत को कोरोना की इस विनाशकारी दूसरी लहर को दबाने में मदद करने के लिए अतिरिक्त, बहुत आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति और विशेष तरह की चिकित्सा आपूर्ति दान देने का आग्रह करता है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकियों और अमेरिकी फर्मों के प्रयासों को इस समय के दौरान भारत की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का समर्थन करने के लिए मान्यता देता है, जिसमें भारत भर में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के लिए 1,000 वेंटिलेटर और 25,000 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर्स की डिलीवरी शामिल है।

अप्रैल में सांसद स्टीव चाबोट, रो खन्ना, माइकल वाल्ट्ज और अन्य ने औपचारिक रूप से अनुरोध किया कि व्हाइट हाउस कोरोना के खिलाफ भारत की लड़ाई के लिए अपनी सहायता बढ़ाए। मई की शुरुआत तक, अमेरिका ने भारत को ऑक्सीजन सहायता, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), रैपिड डायग्नोस्टिक परीक्षण और चिकित्सा विज्ञान सहित 10 करोड़ डॉलर से अधिक की चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की थी। यूएसऐड ने कैलिफोर्निया राज्य द्वारा दान किये गये भारत को 440 ऑक्सीजन सिलेंडर और नियामकों की डिलीवरी की सुविधा भी प्रदान की।

## जवानों की वापसी से अफगानिस्तान में गृह युद्ध : मिलर

**वाशिंगटन , वार्ता।** अमेरिका के कमांडिंग जनरल ऑस्टिन मिलर ने कहा है कि अमेरिकी सेना के जवानों की वापसी पूरा होने के बाद अफगानिस्तान में गृह युद्ध शुरू हो सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में जनरल मिलर के हवाले से यह बात कही गई है।

समाचार पत्र के मुताबिक काबुल में अमेरिका और नाटो सेना मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहागृहयुद्ध निश्चित रूप से एक रास्ता है जिसकी कल्पना की जा सकती है। यह दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।जनरल मिलर हाल ही में तालिबान के एक सफल हमले के बाद बोल रहे थे जिसमें तालिबान ने देश के उत्तर-पश्चिम में लगभग 100 क्षेत्रीय केंद्रों पर कब्जा कर लिया।उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में 20 वर्षों के बाद अमेरिका एक सैन्य समाधान लागू करने की उम्मीद नहीं कर सकता क्योंकि उसने लगभग दो दशकों तक ऐसा करने की कोशिश की है, लेकिन बाद में एक राजनीतिक समझौता करना पड़ा।गौरतलब है कि अमेरिकी अधिकारियों को उम्मीद है कि देश से उनकी सेना की पूरी वापसी चार जुलाई के राष्ट्रीय अवकाश तक यानी एक सप्ताह से भी कम समय में पूरी हो जाएगी। जनरल मिलर ने केवल 11 सितंबर की कटऑफ की समय सीमा का उल्लेख किया जो अप्रैल में राष्ट्रपति जो बिडेन द्वारा घोषित की गयी थी।

# अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध 31 जुलाई तक बढ़ा



**नयी दिल्ली वार्ता।**नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नियमित अंतर्राष्ट्रीय यात्री उड़ानों पर प्रतिबंध 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है।

डीजीसीए ने आज एक सर्कुलर में कहा कि 26 जून 2020 को जारी सर्कुलर में आंशिक संशोधन करते हुये इसकी अवधि 31 जुलाई 2021 की रात 11 बजकर 59 मिनट तक के लिए बढ़ा दी गई है। इस सर्कुलर के तहत देश में नियमित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि मालवाहक उड़ानों तथा विशेष अनुमति प्राप्त उड़ानों के परिचालन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। साथ ही द्विपक्षीय समझौतों के तहत चुनिंदा देशों के साथ 'एयर बबल' व्यवस्था में शुरू की गई उड़ानों पर भी प्रतिबंध प्रभावी नहीं होगा।

देश में नियमित अंतर्राष्ट्रीय यात्री उड़ानों पर पिछले साल मार्च में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। दो महीने के अंतराल के बाद घरेलू मार्गों पर यात्री उड़ानें दुबारा शुरू की गई थीं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध अब भी जारी है। इससे संबंधित मूल संशोधन की अवधि कई बार बढ़ाई गई है। पिछले सर्कुलर के जरिये प्रतिबंध 30 जून 2021 तक

## पेयजल पाइपलाइनों में लीकेज मरम्मत के लिए होगी समयबद्ध कार्यवाही-पंत

**जयपुर,वार्ता।** राजस्थान में जलदाय विभाग फील्ड में पेयजल लाइनों के लीकेज की समयबद्ध मरम्मत से प्रभावित लोगों को राहत देने और पानी के अपव्यय को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करेगा।

विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधांश पंत ने इस सम्बंध में एक सर्कुलर जारी कर फील्ड में कार्यरत सभी अभियंताओं को अपने अधीन पाइपलाइनों में रिसाव के मामलों में %राजस्थान गारंटीड डिलीवरी ऑफ पब्लिक सर्विस एक्ट 2011% के प्रावधानों की पालना में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री पंत ने बताया कि विभागीय अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए एक्ट में दी गई समय सीमा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। फील्ड अभियंता अपने क्षेत्र में ज्यादा समस्या वाले ऐसे स्थानों की पहचान करने के लिए नियमित तौर पर %डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम% का सुपरविजन करेंगे, जिससे रिसाव को मरम्मत करके पेयजल आपूर्ति में आने वाली बाधा को समय पर दूर किया जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं या अन्य माध्यमों से लीकेज के बारे में शिकायत प्राप्त होते ही सम्बंधित कनिष्ठ अभियंता या सहायक अभियंता को मौके पर भेजने और नियत समय में मरम्मत करने के निर्देश दिए। श्री पंत ने बताया कि सभी अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता स्तर के अधिकारियों को फील्ड विजिट के दौरान अपने अधीन कार्यरत अभियंताओं द्वारा लीकेज मरम्मत के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही लीकेज मरम्मत की दैनिक प्रगति रिपोर्ट को संधारित करने और इस सम्बंध में साइट विजिट रिपोर्ट में भी टिप्पणी दर्ज करनी होगी।

## नौका हादसे में नौ डूबे, गोताखोरों ने सात को सुरक्षित निकाला

**बगहा, वार्ता।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा नगर थाना क्षेत्र में गंडक नदी में बुधवार को हुई एक नौका दुर्घटना में नौ लोग डूब गए।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बगहा नगर के कैलाश नगर और नरेना पुर मोहल्ले के नौ ग्रामीण खेती करने और पशु चारा लाने के लिए प्रतिदिन की तरह एक छोटी नौका में सवार होकर गंडक नदी के कैलाश नगर घाट से उस पार गंडक दियारा की ओर जा रहे थे। नाव खुलते ही कुछ दूर आगे जाकर पुराने पुल के पिलर से टकरा कर पलट गई।

सूत्रों ने बताया कि इस हादसे को देखते ही कैलाश नगर घाट के किनारे खड़े लोगों और स्थानीय गोताखोरों ने नौका के सहारे बीच नदी में पहुंच कर गंडक के बहाव में डूबते सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया जबकि नौका पर सवार रामजतन पासवान और उनकी पत्नी हंसराजी देवी अब भी लापता हैं।सूत्रों ने बताया कि लापता पति-पत्नी की खोज में स्थानीय गोताखोर और ग्रामीण लगे हुए हैं लेकिन गंडक की तेज बहाव से खोजबीन में काफी बाधा आ रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए हैं।

## हेमन्त सोरेन ने अमर शहीद सिदो- कान्हू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया

### कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है



**रांची, , वार्ता।**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को हूल दिवस मौके पर अमर शहीद सिदो- कान्हू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।राज्य में आज हूल दिवस है।अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों के विद्रोह, संघर्ष और उनके बलिदान को याद करने का विशेष दिन।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में राज्यवासियों से कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। 1855 में सिदो-कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अदम्य वीरता और साहस का परिचय देते हुए अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अपने हक, अधिकार और देश की खातिर इन वीरों ने अपनी कुर्बानी दे दी थी। संताल विद्रोह के ऐसे नायकों की शहादत हम सभी को सदैव प्रेरित करेगा।

इन अमर शहीदों के आदर्शों के अनुरुप झारखंड को बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।संताल विद्रोह के अमर शहीदों को शत-शत नमन।इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव और विनोद पांडेय ने भी वीर शहीद सिदो-कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# नरेंद्र मोदी के सा के आठवें साल में भी नौकरी-रोजगार की दुर्गति बरकरार है :कांग्रेस



**रांची, , वार्ता।**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता के आठवें साल में भी नौकरी-रोजगार की दुर्गति बरकरार है। प्रवक्ताओं ने बुधवार को कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी के कारण खुदकुशी करने वालों की संख्या किसानों के खुदकुशी की तादात से ज्यादा है। देश के पढ़े-लिखे नौजवानों के माता-पिता उन्हें रिक्शा खींचने या मजदूरी करने या सड़क किनारे पकोड़े तलने पर मजबूर होता देख रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से कोरोना महामारी की दूसरी लहर लाखों लोगों को आर्थिक तंगी की गिरफ्त में ला दिया है। इस बार गांव के मुकाबले शहरी आबादी पर ज्यादा बुरा असर देखने को मिला है। एक सर्वे के अनुसार दूसरी लहर के बाद पांच में से दो शहरी आबादी की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गयी है, यानी 40 फीसदी लोग आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी, सीआईसी की एक रिपोर्ट के अनुसार देश की कुल 40 करोड़ कामकाजी आबादी के करीब आधे लोग कर्जदार हो गये है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण लोगों में निराशा और हताशा की भावना उत्पन्न हुई है। इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी आबादी पर भी देखने को मिल रहा है। शहरी आबादी पर तो सबसे ज्यादा बुरा असर देखने को मिला है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ0 राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि भाजपा को अपनी अनर्थ नीतियों को त्याग कर प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के सुझाव पर अमल कर नकद हस्तांतरण पर गौर करना चाहिए। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ0 रघुराम राजन ने भी कहा है कि इस वक्त बहुत ज्यादा गरीबों को नकद हस्तांतरण की आवश्यकता है, क्योंकि उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है और प्रभावित होती रहेगी। जब तक वायरस से निपटा नहीं जाता, समय-समय पर लॉकडाउन होते रहेंगे, ऐसे में केंद्र सरकार को कर्ज और ढकोसला पैकेज नहीं, बल्कि लोगों तक सीधी मदद पहुंचाने वाले पैकेज की घोषणा करनी चाहिए।

## रणबांकुरों की जांबाजी के किस्से सुनाये जायेंगे वर्चुअल संग्रहालय में

**नयी दिल्ली वार्ता।** मातृभूमि की रक्षा करने वाले रणबांकुरों की जांबाजी के कारनामों को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक संवादात्मक वर्चुअल संग्राहलय बनाया जायेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार देश में आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मनाये जाने के बीच वीरता पुरस्कार विजेताओं के किस्से लोगों तक पहुंचाने के लिए यह संग्रहालय बनाने का निर्णय लिया गया है। संग्रहालय के लिए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के साथ भागीदारी की है इसलिए रक्षा मंत्रालय पर इस परियोजना का वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। रक्षा सचिव डा अजय कुमार ने इससे संबंधित अनुमोदन पत्र आज एसआईडीएम के अध्यक्ष जयंत डी पाटिल को सौंपा। इस परियोजना के जल्द पूरा होने की संभावना है।

वीरता पुरस्कार पोर्टल पर ही इस वर्चुअल संग्रहालय को देखा जा सकेगा। संग्रहालय में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और वार रूम का टूर, वॉल ऑफ फेम , विजेता दीर्घा, विजेताओं के फोटो और प्रोफाइल देखे जा सकेंगे। इस दौरान मातृभूमि की रक्षा करने वाले जांबाजों की बहादुरी और वीरता के किस्से सुनाये भी जायेंगे। इन किस्सों को जीवंत रूप देने के लिए एनिमेटिड वीडियो भी दिखाये जायेंगे।

## किम जोंग ने कोरोना पर लापरवाही के लिए अधिकारियों को किया दंडित

**सोल, , वार्ता।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कोरोना महामारी के दौरान बरती गई लापरवाही के लिए पार्टी के शीर्ष अधिकारियों को दंडित किया है, जिनकी गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण एक बहुत' गंभीर घटना' हुई जिसने देश और लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया ।दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह रिपोर्ट उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने दी है। लेकिन रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख नहीं है कि ऐसी क्या घटना हुई थी जिसकी वजह से लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा गया था।श्री किम के हवाले से योनहाप ने कहा,वैश्विक स्वास्थ्य संकट की तैयारी में अपनी लड़ाई में पार्टी के महत्वपूर्ण निर्णयों की उपेक्षा करके, प्रभारी अधिकारियों ने एक गंभीर घटना को अंजाम दिया है जो राष्ट्र और उसके लोगों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा संकट है।उत्तर कोरिया ने आधिकारिक तौर पर कोरोनावायरस के किसी भी मामले की पुष्टि नहीं की है। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी अधिकारियों ने उसके किए गए एक दावे पर सवाल उठाये हैं। उत्तर कोरिया ने हालांकि सख्त एंटी-वायरस उपाय किए हैं, जिसमें सीमा बंद करना और घरेलू यात्राओं पर प्रतिबंध शामिल हैं।

## किम जोंग ने कोरोना पर लापरवाही के लिए अधिकारियों को किया दंडित

**सोल,, वार्ता।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कोरोना महामारी के दौरान बरती गई लापरवाही के लिए पार्टी के शीर्ष अधिकारियों को दंडित किया है, जिनकी गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण एक बहुत' गंभीर घटना' हुई जिसने देश और लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया ।दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह रिपोर्ट उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने दी है। लेकिन रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख नहीं है कि ऐसी क्या घटना हुई थी जिसकी वजह से लोगों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा गया था।

श्री किम के हवाले से योनहाप ने कहा,वैश्विक स्वास्थ्य संकट की तैयारी में अपनी लड़ाई में पार्टी के महत्वपूर्ण निर्णयों की उपेक्षा करके, प्रभारी अधिकारियों ने एक गंभीर घटना को अंजाम दिया है जो राष्ट्र और उसके लोगों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा संकट है।उत्तर कोरिया ने आधिकारिक तौर पर कोरोनावायरस के किसी भी मामले की पुष्टि नहीं की है। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी अधिकारियों ने उसके किए गए एक दावे पर सवाल उठाये हैं। उत्तर कोरिया ने हालांकि सख्त एंटी-वायरस उपाय किए हैं, जिसमें सीमा बंद करना और घरेलू यात्राओं पर प्रतिबंध शामिल हैं।

## शहादरा में एलपीजी सिलेंडर फटा, चार की मौत



**नयी दिल्ली वार्ता।**दिल्ली के शहादरा के फर्श बाजार के एक घर में एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट के कारण झुलसने से चार लोगों की मौत हो गयी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बुधवार को इस की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि को इस घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नौ दमकलों को घटनास्थल की ओर रवाना कर दिया गया।घटना की जांच की जा रही है।

# लालू को राजनीति करने के लिए नहीं मिली जमानत, उनके पटना आने से कोई जिन्न नहीं निकलने वाला : सुशील

**पटना, वार्ता।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आज कहा कि चारा घोटाला में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव जमानत पर छूटने के बाद पटना आते हैं, तो इससे राजनीति को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है ।

श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर ट्वीट कर कहा कि जमानत पर छूटने के बाद यदि श्री यादव पटना आते हैं तो इससे राजनीति में कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, लेकिन छवि ऐसी बनायी जा रही है, जैसे वे कोई जिन्न निकाल कर पार्टी का राज वापस ला देंगे। उन्होंने कहा कि श्री लालू प्रसाद रांची में राजकीय अतिथिशाला जैसी जेल में रहते हुए भी ट्विटर और मोबाइल फोन के जरिये सक्रिय थे, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में राजद की सीटें कम ही हुईं।

भाजपा सांसद ने कहा, लालू प्रसाद ने भाजपा विधायक को तोड़ने और बनने के समय ही एनडीए सरकार को अस्थिर करने की नाकाम कोशिश तो फोन पर ही की थी।भ्रष्टाचार के मामले में लंबी सजा के कारण वे मुखिया का भी चुनाव नहीं लड़ सकते। जमानत उन्हें स्वास्थ्य के आधार पर मिली है, राजनीति के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि वे जेल में रह कर या जमानत मिलने पर वर्चुअल माध्यम से यदि राजनितिक गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो इस पर सीबीआई को संज्ञान लेना चाहिए।श्री मोदी ने कहा कि जमानत मिलने का सबसे अच्छा उपयोग यही होगा कि श्री लालू प्रसाद यादव

पटना में राबड़ी देवी को साथ लेकर कोरोना का टीका लें। इससे गरीबों ग्रामीणों के बीच वैक्सीन को लेकर संशय दूर होगा और टीकाकरण की गति बढेगी।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी, प्रकाशक / मुद्रक-उरूषा इमरान द्वारा विश्नू ऑफसेट,वैसी की मस्जिद,भानमती चौराहा हुसैनगंज,लखनऊ से मुद्रित कराकर 126/21/1, राना होटल, इस्लामिया कालेज के सामने, लालबाग लखनऊ (उ.प्र.)- 226001 से प्रकाशित।

*संपादक - इमरान हसन सिद्दीकी, R.N.I. No.ÙPHIN/2010/39063, MOB.- 9935403111, प्रबंध संपादक- एस.वी.सिंह उजागर, मो- 9451988443, E-Mail : sindhutimes99@gmail.com फोन -0522-4029211 (नोट- किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)